रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 04 मार्च 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-192 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### इस साल अब तक 10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने माता वैष्णो देवी के किये दर्शन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी



गुफा मंदिर में इस वर्ष के पहले दो महीनों में 10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जनवरी और फरवरी में कुल 10,49,534 तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में माता वैष्णो देवी के दर्शन जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 9,38,621 भक्तों ने वहा पूजा-अर्चना की थी, जिससे चालू वर्ष के पहले दो महीनों में 11,0913 तीर्थयात्रियों की वृद्धि हुई है।

### आयुष-आईसीएमआर अनुसंधान केन्द्र की शुरुआत आज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आयुष सर्वानंद सोनोवाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को दिल्ली और नागपुर सहित देश भर के चुनिंदा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयुष -आईसीएमआर 'एडवांस्ड सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ रिसर्च' की स्थापना की घोषणा करेंगे। आयुष मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि सोनोवाल और मांडविया आज चार चयनित स्थानों पर पांच एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्र का शुभारंभ करेंगे।

### सीहॉक छह मार्च को नौसेना के बेड़े में शामिल होगा

**नयी दिल्ली।** बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एमएच 60 आर सीहॉक को छह मार्च को आईएनएस गरुड़, कोच्चि में नौसेना के बेड़े में विधिवत रूप से शामिल किया जाएगा। यह हेलिकॉप्टर पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें धवस्त करने में सक्षम है। यह दिन देश की रक्षा आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह हेलीकॉप्टर अमेरिकी सरकार के साथ हुए अनुबंध का हिस्सा है। सीहॉक्स के शामिल होने से नौसेना की समुद्री ताकत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। हेलीकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, बारूदी सुरंग रोधी युद्ध , खोज और बचाव और चिकित्सा के लिए सैनिकों की निकासी के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# हिदुर के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com

छोटेबैठिया थाना अंतर्गत हिदुर के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक वदीर्धारी नक्सली के ढेर होने की खबर है। मौके पर एक एके 47 हथियार भी बरामद किया गया। मुठभेड़ में बस्तर फाइटर का एक जवान रमेश कोरेटी शहीद हो गए। दरअसल भारी संख्या में हथियारबंद नक्सलियों की सूचना पर शनिवार को हिदुर के जंगलों में बीएसएफ और डिआरजी समेत जिला पुलिस बल के जवान सर्चिंग में निकले हुए





थे। तभी नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। हमला होता देख जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की। लगभग एक से ढ़ेड घंटे तक मुठभेड़ चली। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को सफलता हाथ तो लगी, वहीं एक जवान का भी नुकसान उठाना पड़ा। घटनास्थल का बारीकी से सर्चिंग करने पर भारी मात्रा मे नक्सल सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ढेर हुए नक्सली और शहीद जवान के शव को लेकर बांदे पुलिस थाना पहुंची। बांदे पहुंचे कांकेर एसपी ने बताया की मुठभेड़ से और भी नक्सलियों की ढेर होने की अशंका है। मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रम वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को जशपुर के ग्राम बगिया से श्रम वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया । श्रम वैन जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में पहुंचकर श्रमिकों का पंजीयन करेगी। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में सहयोग प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि श्रम वैन के माध्यम से जिला-जशपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निवासरत असंगठित श्रमिक तथा निर्माणी श्रमिक जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष का पंजीयन




श्रमिक वैन के माध्यम से किया जाएगा और श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। जिले में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 29 हजार 537 श्रमिको तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत 29 हजार 728 श्रमिको का पंजीयन किया गया है।

## पीएम मोदी आज से पांच राज्यों की तीन दिवसीय यात्रा पर

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगे। मोदी को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे तमिलनाडु के कलपक्कम में भाविनी जाएंगे। प्रधानमंत्री पांच मार्च को हैदराबाद में नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद, तेलंगाना के संगारेड्डी में 6,800 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा में जाजपुर के चंडीखोले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। यात्रा के अंतिम दिन छह मार्च को मोदी पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 15,400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। बाद में वह बिहार के बेतिया में 8,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

## हवाई सफर का सपना दिखाने वाले मोदी ने गरीब से रेल भी छीनी : राहुल गांधी

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब को हवाई जहाज से यात्रा का सपना दिखाते रहे हैं लेकिन सच यह है कि उनकी सरकार की नीतियों ने गरीब से रेल की सवारी भी छीन ली है। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, हवाई चप्पल' वालों को हवाई जहाज की यात्रा का सपना दिखा मोदी 'गरीबों की सवारी' रेलवे को भी उनसे दूर करते जा रहे हैं। हर साल 10 प्रतिशत बढ़ता किराया, डायनामिक फेयर के नाम पर लूट, बढ़ते कैंसलेशन चार्जेस और महंगे प्लेटफार्म टिकट के बीच लोगों को एक ऐसी 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर बहलाया जा रहा है जिस पर गरीब पांव तक नहीं रख सकता। वरिष्ठ नागरिकों तक से उन्हें मिलने वाली छूट छीन कर पिछले तीन वर्षों में सरकार उनसे 3,700 करोड़ की वसूली कर चुकी है। उन्होंने कहा, प्रचार के लिए चुनी गई ट्रेन के लिए आम आदमी की ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा कर दिया जाता है। गरीब और मध्यमवर्गीय यात्री रेलवे की प्राथमिकता से बाहर कर दिए गए हैं।ऐसी डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिये जनरल डिब्बों की संख्या कम की जा रही है जिसमें मज़दूर और किसान ही नहीं छात्र और नौकरीपेशा भी यात्रा करते हैं। सामान्य डिब्बों के मुकाबले एसी डिब्बों का निर्माण भी तीन गुना कर दिया गया है। दरअसल रेल बजट को अलग से पेश करने की परंपरा खत्म करना इन्हीं 'कारनामों' को छिपाने की साजिश थी। गांधी ने मोदी सरकार की नीतियों को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा, सिर्फ अमीरों को ध्यान में रख कर बनाई जा रही रेलवे की नीतियां रेल पर निर्भर भारत की 80 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। मोदी पर भरोसा 'विश्वासघात की गारंटी' है।

## अग्रोहा को पुरातत्व सथल के रूप में विकसित किया जायेगा

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार के अग्रोहा में स्थित महाराजा अग्रसेन ने मेडिकल कॉलेज में शोध के लिए महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर और हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की है। मनोहर लाल ने हरियाणा भवन में अग्रोहा स्थित पुरात्व स्थल को विकसित करने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा पुरातत्व एवं सग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर ये घोषणाएं की। इस समझौता ज्ञापन पर एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत और हरियाणा पर्यटन एवं विरासत विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में किए। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और यह प्रतिमा समाज के सहयोग से निर्मित होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि किसी के अनुरोध किए बिना भी उन्होंने हिसार में बनाए गए।

## उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन की होगी ऐतिहासिक जीतः भूपेंद्र सिंह

एजेंसी ◄ मुरादाबाद
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने रविवार को मुरादाबाद में पत्रकारों से मुखातिब हुए और कहा कि देश की 140 करोड़ जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और श्री मोदी नेतृत्व में सरकार बनाने का फैसला कर चुकी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश की 51 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा शनिवार को कर दी है। 29 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा अभी बाकी है । इसको लेकर बताया कि गठबंधन में सीटों के बंटवारे की प्रतीक्षा है और प्रदेश कमेटी की ओर केंद्रीय चुनाव समिति को अपनी राय भेज दी गई है, पार्टी में गहन मंथन के साथ ही सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों का चयन किया जाता हैजिसमें चुनाव जीतने से लेकर,गठबंधन सहयोगियों तथा सभी वर्गों के समायोजन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय चुनाव समिति निर्णय लेती है।




**रक्षा क्षेत्र में भारत के अग्रणी उद्योगों से बड़ी संख्या में नवप्रवर्तकों और निवेशकों को आकर्षित करेगा**

# राजनाथ सिंह आज करेंगे डिफकनेक्ट 2024 का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी नवाचार और साझीदारी को बढ़ावा देने के वास्ते सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस-डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (आईडीईएक्स-डीआईओ) मानेकशॉ सेंटर में डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन कर रहा है। डिफकनेक्ट 2024 देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। इस आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच बनने के लिए होना है। यह आयोजन रक्षा क्षेत्र में भारत के अग्रणी उद्योगों से बड़ी संख्या में नवप्रवर्तकों और निवेशकों को आकर्षित करेगा। आईडीईएक्स का ढांचा सैन्य कर्मियों को सह-विकास मॉडल के तहत नवप्रवर्तकों के साथ काम करने की अनुमति देता है। वे अंतिम-उपयोगकर्ता, नोडल और डोमेन विशेषज्ञ के रूप में कार्य करते हैं। यह सहयोग अंतिम उपयोगकर्ता की विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि का लाभ उठाकर नवाचार को निर्देशित करने और मौजूदा प्लेटफार्मों में प्रगति को सुचारू रूप से एकीकृत करने में मदद करता है।अब तक, आईडीईएक्स ने डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज के 10 राउंड और ओपन चैलेंज के 11 राउंड लॉन्च किए हैं, जिनमें ट्राई-सर्विसेज रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, भारतीय तट रक्षक, सीमा सड़क संगठन और अन्य एजेंसियों की चुनौतियों के खिलाफ व्यक्तिगत इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप से 9,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कार्यक्रम में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर 'परिवर्तन की वाहक महिलाएं' विषय पर एक महिला पैनल चर्चा भी होगी। आईडीईएक्स विजेताओं द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन सभी आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण होगा। यह आईडीईएक्स स्टार्ट-अप से मिलने और उनकी नवीन तकनीकों को समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 2018 में लॉन्च किया गया आईडीईएक्स, अनिवार्य रूप से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। यह इस विशिष्ट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास और संभावित सहयोग की निगरानी के लिए अम्ब्रेला संगठन की तरह कार्य करता है।

# जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी

एजेंसी ➤ गोरखपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर स्थित राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7558 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। उन्होंने कहा कि आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें।

## सिंधिया को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी



**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी-गुना संसदीय क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी घोषित होने के बाद जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा मुख्य चौराहे पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आतिशबाजी की गयी एवं ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया गया। भाजपा जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके पहले जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने एक बैठक आयोजित की, जिसमें सिंधिया को प्रत्याशी बनाए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया गया।

## आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी पवन सिंह ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

एजेंसी ➤ कोलकाता
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भोजपुरी अभिनेता एवं गायक पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। पवन सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह कुछ कारणों से आगामी संसद चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा, मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया और मुझे आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारण से मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। अभिनेता के चुनाव मैदान से हटने पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व की ओर से अब तक कोई टिप्पणी नहीं की गयी है।

ज्ञातव्य है कि औद्योगिक शहर आसनसोल राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।

यह राज्य के सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में से एक है। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की नेता एवं नवनिर्वाचित राज्यसभा



सदस्य सुष्मिता देव ने भाजपा उम्मीदवार के फैसले को 'बंगाल में भाजपा का पहला सेल्फ गोल' बताया। राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन के एक ट्वीट में कहा गया, खेला शुरू होने से पहले ही यह खेला होबे है। गौरतलब है कि भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित 34 कैबिनेट एवं राज्य मंत्रियों, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम शामिल हैं।

इसी सूची में आसनसोल लोकसभा सीट से पवन सिंह को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की गयी थी।

## ओलावृष्टि के कारण बर्बाद फसलों की विशेष गिरदावरी हो : चौटाला

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



इंडियन नेशनल लोकदल( इनेलो) के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने राज्य सरकार से किसानों की भारी ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी कराने की मांग है। चौटाला ने कहा कि प्रदेश में हुई बारिश और भारी ओलावृष्टि के कारण सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, जींद और सोनीपत समेत अन्य जिलों में किसानों की खराब हुई फसल पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि किसान पहले से ही भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी महीनों की मेहनत पर पूरी तरह से पानी फिर गया है।

गेहूं, सरसों, चना, जौ समेत अन्य कई फसलें भारी ओलावृष्टि के कारण तबाह हो गई हैं। उन्होंने कहा कि आज अन्नदाता की हालत बहुत चिंताजनक है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खाद, बीज, कीड़े मार दवाईयां, डीजल, कृषि उपकरण और खेत मजदूरी महंगी हो जाने से खेती करना पूरी तरह से घाटे का सौदा बन गया है।

आज हालात यह हैं कि देश और प्रदेश के ज्यादातर किसान कर्जे में डूबे हुए हैं।

चौटाला ने भाजपा सरकार से फसलों की तुरंत विशेष गिरदावरी कराने की मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी खराब हुई फसल का 50 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा तुरंत दिया जाए ताकि किसान अपनी आगे आने वाली फसल की तैयारी कर सके।

## डॉ. सीमा को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार, सुक्खू ने दी बधाई

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जिला हमीरपुर की डॉ. सीमा शर्मा को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार से नवाजा गया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईआईटी दिल्ली में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर डॉ. सीमा शर्मा को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार-2024 के लिए इण्डियन काउंसिल फॉर यूएन रिलेशनस, नयी दिल्ली द्वारा चयनित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। सुक्खू ने जिला हमीरपुर की डॉ. सीमा शर्मा की उपलब्धियों पर गर्व जाहिर करते हुए अनुसंधान एवं विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने प्रदेश में कन्याओं के लिए प्रेरणा स्रोत की भूमिका निभाने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले की दलयाहू निवासी आईआईटी, दिल्ली में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर डॉ. सीमा शर्मा को अनुसंधान एवं विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए इण्डियन काउंसिल फॉर यूएन रिलेशन्स, नयी दिल्ली की ओर से अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार-2024 के लिए चुना जाना हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। सुक्खू ने आईआईटी दिल्ली में उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे बताते हुए कहा कि आउटस्टैंडिंग यंग फैकल्टी फैलोशिप तथा टिचिंग एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करना शिक्षण तथा अनुसंधान में उनकी प्रतिबद्धता को साबित करता है।

## हिमाचल में अटल आदर्श योजना होगी बंद

एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल में तीन अटल आदर्श विद्यालयों का काम अधूरा लटका है, जिसे वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरा किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सरकार ने साल 2018-19 में बजट में प्रदेश में 10 अटल आदर्श स्कूल खोलने की घोषणा की थी। वहीं 2019-20 के बजट में 15 नए अटल आदर्श स्कूलों की घोषणा की गई थी। इस प्रकार प्रत्येक विधानसभा चुनाव क्षेत्र में एक अटल आदर्श विद्यालय बनाने का लक्ष्य था।

इसमें से केवल 28 स्थानों पर अटल आदर्श विद्यालय बनाने की अधिसूचना जारी की गई। पिछली सरकार को पांच वर्षों के कार्यकाल में इन अटल आदर्श विद्यालयों को बनाने के लिए जमीन नहीं मिल पाई। केवल 11 स्थानों का चयन किया गया, किन्तु पिछली सरकार द्वारा केवल तीन अटल आदर्श विद्यालयों पर ही कार्य आरंभ किया गया, जिनमें से अभी तक एक भी कार्य पूरा नहीं हुआ है। इन तीन अटल आदर्श विद्यालयों पर कार्य पूरा करेगी। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में 43.57 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अटल आदर्श विद्यालय को 40 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। इसी प्रकार नाचन विधान सभा क्षेत्र में 20 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं, कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

शेष धनराशि का प्रावधान करके इन विद्यालयों को शीघ्र ही क्रियाशील किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने ये तय किया है कि केवल जो अटल आदर्श स्कूल निर्माणाधीन है, उन्हीं को बनाकर तैयार किया जाएगा। प्रदेश सरकार के पास बजट की कमी है और पुरानी स्कीमों को जारी नहीं रखा जा सकता। वर्तमान सरकार ने नई स्कीम राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की बात कही है, जिसका काम भी शुरू हो चुका है। योजना के लिए 300 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें बच्चों को लाने-जाने के लिए परिवहन सुविधा दी जाएगी। स्वीमिंग पूल भी बनाए जाएंगे। प्रदेश में 22 जगह स्कूल निर्माण को सरकारी भूमि मिल गई है जबकि 46 जगह एफसीए केस बनाए जा रहे हैं।

## बुखारी का जम्मू-कश्मीर प्रशासन से बारिश-तूफान प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का आग्रह

**श्रीनगर।** अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से कई इलाकों में हाल ही में हुई बारिश और तेज आंधी के कारण प्रभावित हुए लोगों को मुआवजा देने का रविवार को आग्रह किया। बुखारी ने प्रभावित क्षेत्रों में हुए भारी नुकसान का गहन आकलन करने के लिए आधिकारिक टीमों को भेजने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिन के दौरान तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। अपनी पार्टी नेता ने एक बयान में कहा, मुझे यह जानकर बहुत दुख हुआ कि हाल के प्रतिकूल मौसम ने घाटी और जम्मू के कई इलाकों में कहर बरपाया है। तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण सैकड़ों घरों, बगीचों और पेड़ों को काफ ी नुकसान हुआ है। मैं प्रशासन से प्रभावितों को आवश्यक सहायता और पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा, नुकसान के व्यापक आकलन के लिए अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में आधिकारिक टीमें तैनात करनी चाहिए।

## यादव ने कलेक्टर्स को असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि के लिये सर्वे तत्काल करने के निर्देश दिए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के कुछ जिलों में आज हुयी असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि को लेकर संबंधित जिला कलेक्टरों को तत्काल सर्वे के निर्देश दिए हैं। डॉ यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि हाल ही में कुछ जिलों में हुई ओलावृष्टि के दृष्टिगत सर्वेक्षण सहित प्रभावित किसानों को राहत के लिए आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाए। मुख्यमंत्री को किसानों ने अतिवर्षा तथा ओलावृष्टि से आंशिक नुकसान की जानकारी दी है। प्रदेश में कुछ स्थानों से अतिवर्षा से फसलों के कुछ नुकसान के समाचार प्राप्त हुए हैं।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन बच्चों सहित छह घायल

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र में ट्रेलर और कार के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन बच्चों सहित छह घायल हो गये। चुनार थानाक्षेत्र में चचेरी मोड़ के पास हाइवे पर वाराणसी की तरफसे आ रहे ट्रेलर तथा मीरजापुर के तरफसे वाराणसी की तरफजा रही कार के बीच भिडंत हुई। सभी घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मिर्जापुर की ओर से एक एसयूवी कार पर सवार चुनार की ओर जा रहे थे । वाराणसी मिर्जापुर राजमार्ग पर चचेरी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही एक टेलर ट्रक से आमने-सामने टकरा गई, जिससे संजय यादव (50) पुत्र रामलाल निवासी पिपराही थाना चुनार जनपद मीरजापुर की मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा ,धर्मशिला (45) पत्नी संजय , ममता (25) पत्नी प्रवेश निवासी पिपराही थाना चुनार मीरजापुर, रविंदर (40) गौड पुत्र बैजनाथ महाराजगंज व 03 छोटे बच्चे घायल हो गये। सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी व चुनार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलो प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार भिजवाया गया, जहां से चिकित्सकों द्वारा बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। ट्रेलर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## बैंक में सेंधमारी के बाद आगजनी

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया है। बैंक की दीवार में सेंधमारी कर लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से ये बदमाश वहां दस्तावेजों मे आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से इस बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

## जीएसटी में 16 प्रतिशत व आबकारी राजस्व में 12 प्रतिशत की वृद्धि : चीमा

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब ने वित्तीय साल 2022-23 के मुकाबले चालू वित्तीय साल में फरवरी के अंत तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 15.69 प्रतिशत बढ़ोतरी और आबकारी राजस्व संग्रह में 11.71 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की है। आबकारी और कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार पंजाब के मज़बूत हो रहे आर्थिक विकास और राजस्व प्राप्ति में सफलता का विशेष तौर पर जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय साल में फरवरी तक कुल जीएसटी प्राप्ति वित्तीय साल 2022-23 की इसी मियाद के दौरान एकत्रित किये 16615. 52 करोड़ रुपए के मुकाबले 19222.5 करोड़ रुपए रही, और 2606.98 करोड़ रुपए का विस्तार दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि आबकारी से राजस्व में विस्तार भी 8093. 59 करोड़ रुपए के संग्रह के साथ 842.72 करोड़ रुपए का शानदार विस्तार दर्शाता है, जबकि पिछले वित्तीय साल की इसी मियाद के दौरान 7244.87 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि बेहतर योजनाबंदी को प्रभावशाली ढंग के साथ लागू करने के कारण राज्य ने फरवरी के अंत तक वेट, सी. एस. टी, जी. एस. टी, पी. एस. डी. टी, और आबकारी से 34,158 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करते हुये शुद्ध कर राजस्व में 13.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है।

## हिमाचल में हिमपात से पांच एनएच सहित 507 सड़कें बंद, 2563 ट्रांसफार्मर ठप

एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय व पहाड़ी इलाकों में भारी हिमपात से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, मैदानी इलाकों में अंधड़ व आसमानी बिजली के साथ तेज बारिश से संपति को नुकसान पहुंचा है। राज्य में यातायात, बिजली और पेजयल जैसी मूलभूत सेवाएं ठप पड़ गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में बर्फबारी से पांच राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 507 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके अलावा 2563 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। विभिन्न इलाकों में पेयजल की 72 योजनायें भी ठप हैं। बारिश व हिमपात से प्रदेश में तीन मकान ढह गए। लाहौल-स्पीति, सिरमौर और सोलन जिलों में एक-एक मकान धराशायी हुए हैं। हालांकि इस दौरान किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। लाहौल-स्पीति जिला के शकास नाले के समीप भारी बर्फबारी के चलते एक बड़ा हिमखंड का हिस्सा गिरा है। इससे नेशनल हाईवे-3 पूरी तरह बाधित हो गया है। इस नेशनल हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पुरी तरह से ठप हो गई हैं। जिला प्रशासन की टीमें हिमखंड को हाईवे से हटाने का प्रयास कर रही हैं, ताकि जल्द राजमार्ग को बहाल किया जा सके। गनीमत यह रही कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई वाहन हिमखंड की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा पेश आ सकता था। लाहौल-स्पीति में हिमपात का दौर अभी भी जारी है और जिले के उंचे इलाकों में चार से पांच फीट हिमपात तो निचले इलाकों में दो से तीन फीट बर्फबारी दर्ज की गई है। जिला में ज्यादातर सड़कों के अवरूद्ध होने से जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लाहौल-स्पीति जिला के उदयपुर उपमंडल के सलपत गांव में भारी बर्फबारी से एक मकान ढह गया। इसी तरह सोलन जिला के अर्की उपमंडल में बखालग में तेज बारिश व अंधड़ ने मकान को जमींदोज कर दिया। सिरमौर जिला के नौहराधार सब तहसील के बोघाधार में आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने रविवार सुबह जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लाहौल-स्पीति में सबसे ज्यादा 290 सड़कें बर्फबारी से बंद हैं। किन्नौर में 75, चंबा में 72, शिमला में 35, कुल्लू में 18 और मंडी में 16 सड़कें अवरूद्ध हुई हैं। इसके अलावा कुल्लू और लाहौल-स्पीति में दो-दो व सिरमौर में एक नेशनल हाईवे भी ठप है। अंधड़, बारिश और बर्फबारी से चंबा जिला में 447 ट्रांसफार्मर खराब पड़ गए हैं।

इससे चंबा, डल्हौजी, तीसा, पांगी और भरमौर के इलाकों में ब्लैकआउट है। सिरमौर जिला में अंधड़ चलते से 471 ट्रांसफार्मर बंद हो गए हैं।

पांवटा साहिब उपमंडल में 261 और नाहन उपमंडल में 210 ट्रांसफार्मरों के बंद पड़ने से बिजली आपूर्ति बाधित है। किन्नौर जिला में 404 ट्रांसफार्मर ठप हैं। जिला के कल्पा उपमंडल में 192, निचार में 115 और पूह में 97 ट्रांसफ र्मरों के खराब होने से बिजली गुल है। लाहौल-स्पीति जिला में 314 ट्रांसफार्मर बंद हैं। इनमें स्पीति मंडल में 124, लाहौल में 111 और उदपयुर में 79 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। मंडी जिला में 292, शिमला जिला में 284, कुल्लू में 170 और उना में 147 ट्रांसफार्मर खराब हैं। शिमला जिला में पानी की 69 स्कीमें ओर लाहौल-स्पीति में 3 स्कीमें ठप हैं। आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक हिमाचल के 12 में से सात जिलों में बर्फबारी हुई है।

## गलत रेल किराया वसूलने पर रेल यात्रियों की हो रहीं झडपें

**फर्रुखाबाद।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल के फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन तथा उत्तर मध्य रेलवे के पखना एव भोगांव स्टेशनों के मध्य पैसेंजर ट्रेन से प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों से देश में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन का पैसेंजर ट्रेन,रेल किराया एक होने के बावजूद भी अधिक वसूलने को लेकर बुकिंग विंडों पर रोजाना झडपें देखने को मिल रहीं हैं। पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन की बुकिंग विंडो से 30 रुपए प्रति टिकट किराया की वसूली किये जाने के मामले को लेकर बुंकिंग विंडो पर, आए दिन रोष के साथ ही तीखी झड़पें, रेल यात्रियों से होनी शुरू हो गई। पैसेंजर ट्रेन का रेल किराया एक स्टेशन से दूसरी स्टेशन तक का एक होने के बावजूद पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा प्रति रेल यात्री से 10 के स्थान पर 30 रूपये प्रति टिकट किराया वसूली के मामले को लेकर,रेल विभाग द्वारा अलग-अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त की गई। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के ,पी आर ओ अमित कुमार सिंह से पैसेंजर रेलयात्रियों से अधिक किराया वसूली को लेकर किये गये वाल पर उन्होंने बताया कि इंडियन रेलवे एक है और ऐसा कुछ नहीं है सभी रेलवे नियम एक साथ लागू करते हैं। एन ई रेलवे ने यह व्यवस्था क्यों लागू नहीं की, उनके ही अधिकारी बताएंगे?

## धामी ने पंचायती राज विभाग के 350 कार्मिकों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र

वार्ता ➤ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पंचायती राज विभाग के आठ सहायक लेखाकारों तथा 342 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। सहायक लेखाकारों का चयन लोक सेवा आयोग तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से किया गया है। धामी ने सभी चयनित कार्मिकों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियुक्ति पाने वाले लेखाकार एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्राथमिक इकाई ही नहीं इसकी नींव के समान है। पंचायती राज व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही मजबूत होगा, तभी सुराज की परिकल्पना भी साकार हो सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की परेशानी, उसकी शिकायत को सरकार तक पहुंचाने और सरकार द्वारा किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार खुद चल कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है, उसको सशक्त बना कर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिला रही है। उन्होंने कहा कि आज चाहे, एलपीजी गैस कनेक्शन हो, बिजली कनेक्शन हो, पानी कनेक्शन हो, स्वच्छ भारत अभियान के तहत इज्जतघरों का निर्माण हो या अन्य योजनाएं हों, सरकार की प्रत्येक योजना के केंद्र में समाज का वंचित वर्ग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में चलने वाली सरकार में वंचितों की आवश्यकताएं पूर्ण करना ही हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि हम निरंतर यह प्रयास कर रहे हैं कि विकास केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों तक पहुंचे। धामी ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन पूर्व में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तथा विकास की दृष्टि से गांवों को सबसे निचले पायदान पर रखा गया।

### आशा कार्यकर्ताओं व भोजनमाताओं ने धामी को बताई समस्याएं

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को उनके आवास स्थित कार्यालय में राज्य आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता यूनियन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सेविका कर्मचारी यूनियन तथा राज्य भोजन माता कामगार यूनियन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में विस्तार से श्री धामी को जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर, उत्तराखंड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष शिव दुबे, महामंत्री लोकेश देवी, कोषाध्यक्ष कलावती चन्दोला, जिलाध्यक्ष सुनीता चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन से चित्रकला, लक्ष्मी पन्त, रंजना गुलेरिया, मनीषा राणा तथा सुनीता रावत, उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन से मोनिका उपस्थित रहीं।



# यातायात विभाग की बेवजह कार्यवाही से ग्रामीण परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विगत कुछ दिनों से यातायात विभाग भाटापारा चर्चा का विषय बना हुआ है।। नगर के बाह्य क्षेत्र में विशेष कर चौक चौराहो में दो पहिया वाहन चालकों की चेकिंग की जा रही है उक्त चेकिंग का उद्देश्य समझ से परे है. भाटापारा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिदिन लोगों की आवाजाही बनी रहती है।। विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र से मजदूर एवं नौकरी पेशा लोग भाटापारा नगर पर निर्भर रहते हैं ऐसे लोग मुख्य रूप से मोटरसाइकिल एवं स्कूटर के माध्यम से आना-जाना करते हैं।। पिछले कुछ दिनों से यातायात विभाग तरेगा रोड, पटपर रोड, रेलवे स्टेशन ,बस स्टैंड चौक जैसे मुख्य मार्गों पर जांच के नाम पर ग्रामीणों की गाड़ी रोक रहे हैं।। यातायात के दृष्टिकोण से गाड़ियों की चेकिंग होना आवश्यक है। इसी तरह सडक सुरक्षा भी जरूरी है लेकिन सुरक्षा एवं व्यवस्थित यातायात के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र से नियमित रूप से आने जाने वाले लोगों को परेशान करना अनुचित है।। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा शिकायत की जा रही है कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। वाहन संबंधी छोटी-छोटी कमियों को समझने के बजाय सीधे कार्रवाई की बात सुनायी पड़ रही है।। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ऐसे वाहन चालक मुख्यतः बिना किसी राजनीतिक पहुंच वाले होते हैं ऐसी स्थिति में स्वाभाविक रूप से उन पर दबाव बनाना भी आसान रहता है और फिर ऐसे वाहन चालक विभाग की कार्रवाई के नाम पर प्रताड़ित होते हैं।

### भारी वाहनों का धड़ल्ले से प्रवेश

विदित हो कि भाटापारा क्षेत्र के आसपास बड़ी संख्या में लघु उद्योग और सीमेंट प्लांट स्थापित है साथ ही नगरीय क्षेत्र के अंदर आज भी कई प्रकार के लघु उद्योग स्थापित है। शिकायत मिली है कि रात में ट्रैफिक कम होने की दशा में ऐसे भारी वाहन नगर के अंदर घुसकर मुख्य मार्गो से होते हुए बाहर निकलते हैं आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए तो इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पूर्व में बस स्टैंड चौक पर हुई घटना को आज भी जनमानस भूला नहीं है।

### ट्रैफिक सिग्नल है साल भर से बंद

नगर के मुख्य चौक में कुछ वर्ष पूर्व ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। आम जनता द्वारा यातायात नियमों का सक्रियता के साथ पालन भी किया जा रहा था लेकिन विगत एक वर्ष से ट्रैफिक सिग्नल की लाइट बंद पड़ी है इसे प्रारंभ करने में यातायात पुलिस की कोई रुचि दिखाई नहीं देती। व्यवस्था पुनः बनाए जाने का प्रयास किया जाए तो इसका लाभ नगरवासियो को जरूर मिलेगा।

ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले रोजमर्रा के गरीब तबके के लोग यातायात पुलिस की बेवजह कार्यवाही से लगातार परेशान हो रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा तरेंगा रोड मे बार-बार ऐसी कार्यवाही औचित्यहीन है।

**-सतीश सोनी**
जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो

# पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पिलायी गई पोलियो की खुराक

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत रविवार 03 मार्च को 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलायी गई। इस दौरान जिले के बस्तर विकासखण्ड के फरसागुड़ा में वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने नौनिहालों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी। वहीं जगदलपुर शहर के सीरासार चौक स्थित पोलियो बूथ में विधायक जगदलपुर किरण देव तथा कलेक्टर विजय दयाराम के.ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी और लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाये जाने का आग्रह बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों से किया। ज्ञात हो कि जिले के एक लाख 24 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस हेतु बाजार, धार्मिक स्थल, मेले, मड़ई उच्च जोखिम क्षेत्रों, ईट भट्ठा, भवन निर्माण इत्यादि सहित दूरस्थ बसाहटों में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी गई। साथ ही बस स्टैण्ड एवं रेल्वे स्टेशन, टैक्सी स्टैंड में मोबाईल टीम द्वारा आने जाने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस हेतु शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय कर प्रचार-प्रसार किया गया। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में अभियान के पूर्व जागरूकता रैली निकाल कर जनजागरूकता निर्मित किया गया है। जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर पृथक-पृथक दलों का गठन करने तथा वेक्सीन की उपलब्धता, वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित मॉनिटरिंग के लिये जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुवेदी ने इस बारे में बताया कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के प्रथम दिवस 03 मार्च को निर्धारित पोलियो बूथ में पोलियो की खुराक पिलायी गई है और अब 04 एवं 05 मार्च को दो दिवस तक गृह भेंटकर लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जायेगा। जिससे सभी लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक देने कव्हरेज हो सके। इस दिशा में पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पटेल-कोटवार और महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, आदिवासी विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों के मैदानी अमले का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है।

# कृषि पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

रबी फसल में सिंचाई हेतु अत्यधिक पानी की आवश्यकता हेतु कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है। आप सभी की जानकारी में लाया जाना आवश्यक है कि सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नहीं लगाए जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है, जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवम जलने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है, कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11 केवी लाइनों पर, फिर 33/11 के.वी. उपकेंद्रों पर तथा 33के वी लाइनों तथा इस प्रकार पूरे ट्रांसमीशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इस स्तिथि में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषक भाइयों, राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है। यह स्तिथि वर्तमान में आपके समक्ष उपस्थित है। इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है जैसे नए उपकेंद्र की स्थापना, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफ़ॉर्मरों की क्षमता वृद्धि, सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। लेकिन आपके सहयोग के बिना स्तिथि को सुधार पाना संभव नहीं है। आप से अपील एवम अनुरोध है कि प्रत्येक कृषक अपने पंप/ट्यूबवेल कनेक्शन में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाकर न सिर्फ कम्पनी को सहयोग प्रदान करें बल्कि राज्य एवम राष्ट्र हित में सहयोगी बने।

### कैपेसिटर की क्षमता

बाक्स पंप की क्षमता - केपिसिटर 0 से 3 एचपी तक- 1 केवीएआर 3 से 5 एचपी तक - 2 केवीएआर 5 से 7.50 एचपी तक- 3 केवीएआर 7.50 से 10 एचपी तक- 4 केवीएआर।

# दुरस्त क्षेत्रों में ईंट भट्ठे में काम करने वाले के बच्चों को पिलाई जिंदगी की दो बूंद





पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पल्स पोलियों अभियान के तहत् बीएमओ डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया के निर्देशन में दुरस्त क्षेत्रों तथा ईट भट्ठे में काम करने वाले मजदूरों के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की दवा पिलाने हेतु मोबाइल टीम का गठन किया गया था। जिसमे चिरायु टीम के द्वारा अंतर्ला,सेमलिया नाला, केंदूढार, बालसी ईट भट्ठा, तथा ओडिशा सीमा से लगे पहाड़ी क्षेत्र साल्हेभांटा सरायपाली में पोलियो की दी पिलाई गई जिसमे टीम A में डॉक्टर जनक जेरी तथा फार्मासिस्ट भीष्म प्रताप राणा तथा डाक्टर राजेश सिंह तथा उमेश डडसेना फार्मासिस्ट टीम B ने अपनी सेवा दी।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में आतिशबाजी किया

पायनियर संवाददाता ➤ पखांजूर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटों के घोषणा के बाद कांकेर जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भोजराज नाग के नाम का ऐलान के बाद परलकोट क्षेत्र के लोग गांव गांव एवं पखांजुर, कापसी, बांदे, बडगांव आदि जगह में रैली निकाली एवं आतिशबाजी किया,मुख्य रूप से पखांजुर पुराना बाजार नया बाजार चौक में जय जय श्री राम के नारा लगाते हुए आतिशबाजी किया, वरिष्ठ भाजपा नेता नृपेन हालदार, खोकन तालुकदार ने कहा कि कांकेर जिले के लोकसभा सीट में भाजपा इसबार ऐतिहासिक दर्ज जीत करेगी, विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज किया इस बार कांकेर लोकसभा सीट में भाजपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक भोजराज नाग को भारी बहुमतों से जिताएंगे,क्षेत्र के जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गेरेन्टी का भरोसा किया एवं जन हित मे जो कार्य किया जैसा महिलाओं के महतारी बंदन योजना, किसान सम्मान निधि, विधानसभा चुनाव के किसानों के 21 कुंतल धान खरीदी, धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपये जितने भी वादा किया लगभग पूरी किया गया, इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नृपेन हालदार, खोकन तालुकदार, पोलटू कुण्डू, लालटू कुण्डू, कार्तिक बिस्वास, बासुदेव हालदार, गोपी घोष, दीनानाथ चुरेन, रोशन बड़ाई, मोनाज हालदार, निमाई बिस्वास, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ चारामा
www.dailypioneer.com

देश भर में पोलियो की बीमारी के शत प्रतिशत उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 03 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन एवं बीएमओ लखन लाल जुर्री के द्वारा 0 से 05 वर्ष के बच्चो को दो बूंद दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया, एवं बच्चो के पालकों को पोलियो की बीमारी के संबंध में जागरूक करते हुए नगर एवं क्षेत्र के समस्त गांव एवं नगर के,वार्डो में पर्याप्त प्रचार प्रसार करने और प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा मिल सके इसे सुनिश्चित करने का आह्वान किया, इस अवसर पर ओमप्रकाश साहू महामंत्री भाजपा, अंकित जैन अध्यक्ष भाजयुमो, रूपेश देवांगन मंत्री, धर्मेंद्र कुंजाम पार्षद, सत्येन गुप्ता, धनंजय बंसोड बीपीएम, रत्तीराम सिन्हा आर एच ओ, नीतू यादव, ज्योति साहू मितानिन, मंजू कोड़ोपी वार्ड आया, सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा का स्टाफ उपस्थित रहा।

# डॉ. एस जहीरुद्दीन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के सेवानिरवृत्ति पर ऐतिहासिक विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ.एस.जहीरुद्दीन ने 43 वर्षो की शासकीय सेवा सफलता पूर्वक पूर्ण कर उप संचालक के पद से रिटायर हो गए अंतिम दिन को यादगार बनाने के लिए पशुधन विकास विभाग परिवार जिला सुकमा के द्वारा आदिवासी भवन मे डॉ.एस.जहीरुद्दीन को विदाई देने सेवानिवृत्ति विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया! विदाई का ऐसा ऐतिहासिक नजारा जिले मे आज तक किसी अधिकारी का नही देखा गया,ऐसा बेहतरीन नजारा प्रथम बार देखने को मिला! आयोजित विदाई सह सम्मान कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ.एस. जहीरुद्दीन उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के प्रति सुकमा जिले मे ईमानदारी पूर्वक किए गए कार्यों,मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा पर वक्तव्य दिए! कार्यकाल के दौरान ग्रामीणों और पशुपालकों उनका संबंध हमेशा मधुर बना रहा! पशुधन विकास विभाग से विदा हो कर जाना पशु चिकित्सा परिवार के साथ-साथ पशुपालकों के लिए दुखदायी है सभी ने उनकी दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की! इस अवसर पर उनको विदाई देने इकट्ठी इतनी भीड़ उनके स्वभाव,सेवा के प्रति समर्पित भाव जिले के पशुपालकों के लिए एक उपहार है! विदाई समारोह कार्यक्रम मे नृत्य दल के द्वारा गाजे-बाजों के साथ नृत्य करके डॉ.एस.जहीरुद्दीन सह परिवार को मंच तक पहुंचाया।

### कलेक्टर ने शाल व श्रीफल से किया सम्मान

पशुधन विकास विभाग परिवार जिला सुकमा के द्वारा गजमाला पहनाकर उनका तथा उनके परिवार का स्वागत किया गया तथा हरीश एस.कलेक्टर जिला सुकमा के द्वारा रिटायरमेंट की शुभकामनायें दे कर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया!

### स्व सहायता समूह की महिलाएं व पशुपालकों ने भी किया सम्मान

कार्यक्रम मे सहभागी बनने आएं कार्यालय सयुंक्त संचालक जगदलपुर एवं उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला-दंतेवाड़ा के विभागीय कर्मचारी एवं साथीगण उनके कार्यकाल मे विभिन्न आजीविका मूलक विभागीय योजनाओं से लाभान्वित सुकमा, छिंदगढ़ तथा कोंटा विकासखंड के स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, पशुपालकों तथा शबरी नारायण गौशाला के संचालनकर्ता के द्वारा पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल दे कर सम्मानित किया तथा भेंट स्वरूप उपहार दिया गया! अपने उद्बोधन मे डॉ.एस. जहीरुद्दीन ने बताया की 43 वर्ष की शासकीय सेवा का सफर बेहद संघर्षपूर्ण एवं चुनौतीयों से भरा रहा।

### विभिन्न पदों में रहकर दी सेवाएं

शासकीय सेवा की शुरुआत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी के रूप मे विकासखंड सुकमा मे हुई,बी.व्ही.एस.सी.एंड एच.की उच्च शिक्षा प्राप्त कर विकासखंड लोहंडीगुड़ा मे पशु विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग मे बीडीओ, जनपद पंचायत दरभा, तोकापाल, बास्तानार, बगीचा, कोयलीबेड़ा,छिंदगढ़, सुकमा तथा नारायणपुर मे सीईओ के पद पर कार्य किया इसके अलावा उपसंचालक के पद पर पशु चिकित्सा सेवाएं दंतेवाड़ा मे अपनी सेवाएं दी यंहा से स्थानांतरण हो कर जंहा से शासकीय सेवा की शुरुआत हुई वंही पे उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सुकमा के पद पर पदस्थ किया गया पद पर रहते हुए समय-समय पर कार्यालयीन कार्यों के बीच समय निकाल कर मैदानी कर्मचारियों के साथ सवेंदन एवं अतिसवेंदनशील क्षेत्रों का दौरा कर जिला प्रशासन के सहयोग से पशुधन की स्वास्थ्य रक्षा,पशु संवर्धन एवं पशु,कुक्कूट,भेड़ बकरी आदि विकास के जरिये गरीब वर्ग के हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक लाभ पहुंचाने का कार्य किया! कोरोना काल मे भी इनकी टीम शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण एवं दुरुस्त ग्राम जगरगूंडा, मराईगुड़ा, किष्ठाराम, धमार्पेंटा, भेजी में भी पशु चिकित्सा पशुपालन के कार्यों से लक्ष्यों की पूर्ति की कार्यक्षेत्र मे पशु चिकित्सा टीम के सहयोग, साथ कड़ी मेहनत वह विश्वास से पशुधन विकास विभाग जिला सुकमा अग्रणी रहा यह मुकाम सबके अथक परिश्रम से हासिल हुआ कार्यकाल के दौरान मेरी सेवाएं हमेशा प्रशंसनीय, सराहनीय वह पुरुस्कृत रहा ।

## अल्प सिंचाई, शून्य उर्वरक और जोरदार कमाई से बढ़ा रुझान

# ट्री-फार्मिंग में, सागौन का बढ़ रहा दबदबा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बड़ा बाजार। बड़ी मांग। कमजोर आपूर्ति। मतलब जोरदार कीमत। जी हां, यह सागौन ही है, जो इस समय ट्री- फार्मिंग के क्षेत्र में अव्वल नंबर पर चल रहा है। अपने प्रदेश में अब इसकी भी व्यावसायिक खेती, तेजी की राह पर है क्योंकि यह कमाई का जोरदार साधन बन चुकी है। 90 का दशक आते-आते सागौन से तेजी से किनारा किया जाने लगा था, ऐसा इसलिए क्योंकि यह साल था डिजाइनर सनमाइका का। प्रकृति को लेकर आई जागरूकता का दौर एक बार फिर से बढ़ चला है, इसलिए सागौन जैसे भूले- बिसरे वृक्ष पुनः याद किए जा रहे हैं। इसलिए पौधरोपण की योजना परवान चढ़ रही है और बढ़ रहा है सागौन की व्यावसायिक खेती की ओर रुझान।

**इसलिए अव्वल :** ट्री-फार्मिंग के क्षेत्र में सागौन इसलिए टॉप पर है क्योंकि यह एकमात्र ऐसी प्रजाति है, जिसे किसी भी प्रकार की भूमि में, किसी भी मौसम में रोपण किया जा सकता है। कम पानी, उर्वरक की शून्य जरूरत भी, रुझान की एक वजह है। 10 से 15 बरस बाद अपनी पूर्ण परिपक्वता अवधि पूरा करने वाले, सागौन की फसल के लिए धैर्य, अहम जरूरत है। रुझान के बाद केंद्र सरकार की योजना भी ट्री-फार्मिंग की दूसरी वजह मानी जा रही है।



**अहम है यह गुण :** सागौन वृक्ष की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि इसकी लकड़ियों में दीमक नहीं लगते। इसकी वजह से दरवाजे, खिड़कियां इसकी ही लकड़ियों से बनाए जाते हैं। इसके अलावा जलपोत निर्माण क्षेत्र अपने आप में वृहद मांग वाला क्षेत्र है।

**ऐसे सागौन ट्री-फार्मिंग :** वानिकी वैज्ञानिकों ने बेहतर फसल के लिए एक एकड़ के रकबे के लिए 500 पौधों के रोपण को सही बताया है। कम देख-रेख, अल्प सिंचाई और लगभग शून्य उर्वरक की जरूरत वाला सागौन 10 से 15 वर्ष के बाद परिपक्व हो जाता है। इस समय प्रति पेड़ मानक ऊंचाई और मोटाई के बाद 30 से 35 हजार रुपए बाजार मूल्य बताया जा रहा है।

सागौन का महत्व इसमें अद्वितीय गुणों के कारण ही है द्य यह लंबा, सीधा तथा गोलाई वाले लट्ठे में विकसित होता है द्य इसकी लकड़ी सख्त होती है द्य सागौन की ताजी लकड़ी पीले रंग की होती है जो बाद में भूरे अथवा काले रंग की हो जाती है द्य जो अत्यधिक टिकाऊ होती है द्य इसका बाहरी रसकाष्ठ पतला एवं सफे द रंग का होता है द्य यह लकड़ी दीमक, फफूंद, गलने-सड़ने के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधक है द्य यह अपने स्थायित्व गुण के कारण बहुत अधिक सुदृढ़ होती है तथा मुड़ती या फटती नहीं है द्य सूखे काष्ठ का वजन 40 पाउंड प्रति घन फिट होता है।

**-अजीत विलियम्स,** साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री),
बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

# विकासखंड स्तरीय पशु मेला में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम खैरा, विकासखंड भाटापारा में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी / पशु मेला का आयोजन दिनांक 01 मार्च को किया गया। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय इंद्र कुमार साव जी विधायक भाटापारा विधानसभा तथा अध्यक्षता श्रीमति ऊषा ध्रुव सरपंच खैरा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उक्त पशु मेला में ग्राम कोसमंदा, बकुलाही, धुराबांधा, गुड़ेलिया, मोपका एवं खैरा के 84 पशुपालकों द्वारा कुल 98 पशुओं का मेला स्थल पर प्रदर्शन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि साव द्वारा अपने उद्बोधन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान में पहुचाने के लिये पशुपालकों से सहयोग की अपील किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित व्यक्तिमूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने हेतु प्रेरित किया गया। प्रदर्शनी में लाये गये पशुओं में से उत्कृष्ठ पशुओं का विभिन्न नौ वर्गों में चयन जिला स्तर से गठित समिति द्वारा किया गया। उक्त सभी पशुपालकों को प्रथम द्वितीय तृतीय तथा सांत्वना पुरुस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव द्वारा एवं मंचस्थ अतिथियों के करकमलों द्वारा किया गया।

# हितग्राहियों से आवास स्वीकृत कराने के नाम पर रोजगार सहायक ने लिए रुपये, जनपद सीईओ से की शिकायत

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



वनांचल ग्राम गुठानीपाली में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र होने के बावजूद रोजगार सहायक, सरपंच एवं सचिव के द्वारा हितग्राहियों के आवास के लिए ध्यान नहीं देने की शिकायत अनेक हितग्राहियों के द्वारा की सीईओ की गई। वहीं कुछ हितग्राहियों से आवास स्वीकृत करने के नाम पर रोजगार सहायक के द्वारा राशि लेने के बावजूद भी उन्हें आवास उपलब्ध नहीं कराए जाने की शिकायत करते हुए अनेक हितग्राहियों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरायपाली को आवेदन देकर मकान बनाने हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम गुठानीपाली के हितग्राहियों लक्ष्मी, उर्मिला, भूमिसुता, तुलसी, कौशल्या , विनोदिनी, जानकी सरस्वती, अहिल्या, गीता आदि अनेक हितग्राहियों ने जनपद सीईओ को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि वे गुठानीपाली के स्थाई निवासी हैं एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं। उनके नाम पर बीपीएल कार्ड भी बना है तथा उनका खपरैल वाला कच्चा मकान है। किसी के पास भी पक्का मकान नहीं है। उन्होंने आगे लिखा है कि ग्राम पंचायत पंडरीपानी में रोजगार सहायक के पद पर मुरली ग्वाल, सरपंच सीता प्रधान व सचिव के पद पर ठाकुर सेवारत हैं। आवेदकों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए प्रस्ताव भेज कर बार-बार उनसे अनुरोध करने के बावजूद भी उन्हें द्वारा योजना के तहत मकान का लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि रोजगार सहायक के द्वारा जानकी भोई, हेमकुमारी एवं सुरेंद्री से आवास स्वीकृत करने के नाम पर 5-5 हजार रुपए लिया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें मकान उपलब्ध नहीं कराया गया है। जबकि विगत वर्षों में कुछ गिने-चुने व्यक्तियों के नाम पर आवास सुविधा उपलब्ध करने के बाद पंचायत के पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। अतः समस्त हितग्राहियों ने जनपद सीईओ से उक्त शिकायत करते हुए पात्रता रखने वाले सभी को पीएम आवास सुविधा का लाभ दिलाते हुए पक्का मकान बनवाने का आग्रह किया है।

### जांच के पश्चात होगी कार्यवाही : सीईओं

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित हालदार ने बताया कि इस मामले में उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है। उनके द्वारा इसकी जाँच हेतु टीम गठित की गई है। जल्द ही इसकी जाँच की जाएगी और जाँच प्रतिवेदन के आधार पर इस मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## निगम ने जाति प्रमाण पत्र के संदर्भ मे 5 मार्च तक मंगाए आवेदन

धमतरी। निगम निगम में पिछले 320 दिनों से सामान्य सभा की बैठक ना हो पाने के कारण उन शिक्षित बेरोजगार युवाओं जिनकी जाति अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाइयां आ रहा है तब इसकी पुष्टि हेतु किसी कारणवश कोई दस्तावेज साक्ष्य,अभिलेख उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उन्हें नगर निगम की सामान्य सभा से संकल्प पारित कर सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्रों की उद्घोषणा किए जाने का प्रावधान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17/09/2019 को सामान्य प्रशासन विभाग से जारी पत्र क्रमांक एफ 13-10/2019किया गया है जिसमे निर्धारित मापदंड के नियम 11के अनुसार एक वर्ष में जितने भी आवेदन आए हैं उसके संबंध में प्रक्रियागत प्रावधानों का पालन करते हुए सर्वसम्मति से उद्घोषणा द्वारा पुष्टि करना अति आवश्यक भी है।

## संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

एससीईआरटी रायपुर द्वारा शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में विज्ञान दिवस के अवसर पर संभाग स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता विज्ञान प्रश्न मंच विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य शीर्षक समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी जिसके अंतर्गत उप विषय के रूप में स्वास्थ्य पर्यावरण कृषि संचार एवं परिवहन तथा कम्प्यूटेशनल सोच को शामिल किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एससीआरटी रायपुर के डायरेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न शालाओं के छात्र-छात्राओं ने सभी विधाओं में हिस्सा लिया। जिसमें सेजेस सिमगा से शुभम देवांगन ने बाल विज्ञान प्रदर्शनी स्वास्थ्य में प्रथम स्थान एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में सेजेस पंचम दीवान कन्या शाला के बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा सेजेस सिमगा से यशराज देवांगन एवं शुभम देवांगन ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सेजेस बलौदाबाजार से अनामिका राजपूत ने बाल विज्ञान प्रदर्शनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। ये सभी छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला के लिए चयनित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा बी. एल. देवांगन ने सभी छात्र-छात्राओं के चयनित होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर जिला नोडल रामअवतार वर्मा, शैक्षिक समन्वयक योगेश वर्मा, व्याख्याता मीनू वर्मा, शिक्षक केशव वर्मा, किरण पैकरा, विज्ञान सहायक रूपेश सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# ठगी की रकम वापसी के तात्कालिक प्रयास मे पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा ठगों से रहे सावधान रहने की अपील



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रार्थी भूषण लाल बंजारे शिक्षक के एसबीआई बैंक शाखा बिलाईगढ से आरोपी के बैंक खाता में ?1,65,000 ठगी कर लिया गया, जिसकी सूचना पर सायबर सेल एवं वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी प्राप्त होने पर 33302240002987 पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुए 04 बैंक खाता नंबर फ्रीज कराया गया, जिसमें कुल ?1,22,391 का आदेश माननीय न्यायालय से जारी कराया गया । आरोपी द्वारा पीड़ित से फ्राड रकम को 30 से अधिक बैंक खातों के माध्यम से प्राप्त कर लिया गया था, जिस पर त्वरित निराकरण करते हुए होल्ड कराया गया। उक्त आदेश की प्रति को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थी को आदेश विधिवत प्रदान किया गया। आदेश प्रदान करते समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निधि नाग एवं सर्विलांस प्रभारी प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक नारायण देवांगन उपस्थित थे। सदानंद कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान सायबर ठगों के नये हथकंडों के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया, जिसमें मुख्यतः सरकारी योजनाओं के नाम से ठगी, लिंक के माध्यम से ठगी, कूरियर कंपनी के नाम से ठगी, फेसबुक में सामान सेल करने संबंधी ठगी, क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, सेक्सटार्सन, पुलिस अधिकारी बनकर/ उचित कार्यवाही कराने के नाम पर /चालान पेश कराने के नाम पर, परिवार के सदस्य का अपराध पंजीबद्ध किया गया है के नाम पर ठगी, शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर ठगी किया जाता है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आमजन से यह अपील किया जाता है कि अनजान ब्यक्ति के द्वारा पैसे मांगे जाने पर उन्हें न दिया जावे एवं किसी भी प्रकार की सायबर ठगी की आशंका पर तुरंत ही नजदीकी थाना/चौकी या वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किये जाने का अपील दिया गया। पीड़ित द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय का आभार ब्यक्त किया गया, उनके पूछने पर पीड़ित द्वारा बताया कि उसने सोचा नहीं था कि ठगी की रकम इतने शीघ्र मुझे वापस मिल सकती है। इसके लिए संपूर्ण बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# रावन सीमेंट वर्क्स, सीएसआर द्वारा 15 दिवसीय कृत्रिम आभूषण प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर जी और मानव संसाधन प्रमुख बिनोद नांबियार जी के मार्गदर्शन में 01/03/2024 को अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट संयंत्र सी.एस.आर. में सतत् आजिविका विकास के तहत कृत्रिम आभूषण निर्माण प्रषिक्षण का आयोजन स्वयं सहायता समूह के लिए आयोजन किया गया। जिसमें 52 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीर तरंग महिला मंडल अक्ष्यक्षा सोनिया राजेष शंकर एवं सम्मानित अतिथि दीपा कुलकर्णी, सीना नांबियार, बलौदाबाजार से भानुदास (प्रोजेक्ट जोनल मेनेजर), रिषभ पांडे बलौदाबाजार के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को दीप प्रज्जवल्लित कर शुभारंभ किया।

इसमें अक्ष्यक्षा सोनिया राजेष शंकर ने समूह की महिलाओं को प्रषिक्षण के लिए शुभकामना देते हुए इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने को कहा। SIDBI बलौदाबाजार से भानुदास ने महिलाओं को शासकीय योजनाओं, व्यावसायिक चुनौतियों का सामना कैसे करे और व्यावसायिक लिंकेज की पेषकस की जानकारी प्रदान कीया। और ये भी सराहनीय है कि प्रषिक्षिका किरण कुमारी ने कृत्रिम आभूषण बनाने के बारे में बनियादी ज्ञान प्रदान करते हुए प्रषिक्षण प्रारंभ किया। जिससे महिलाओं को मूल्यवान कौषल विकास के लिए मंच तैयार हुआ। सी.एस.आर.,सिक्यूरिटी एवं एडमिन प्रमुख संजीव मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनां दी। सी.एस.आर. प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने कृत्रिम आभूषण निर्माण प्रषिक्षण के लाभ के बारे में बताते हुए सभी प्रषिक्षणार्थियों को शुभकामना दिया। सी.एस.आर. अधिकारी ज्योत्सना पति ने मंच संचालन करते हुए उन्हे प्रषिक्षण उपरान्त कैसे लाभप्रद व्यवसाय बना सकते है कि जानकारी प्रदान की और प्रषिक्षण का पूर्ण लाभ लेकर व्यवसाय के रूप में अपनाने को कहा। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में सी.एस.आर. सहायक अधिकारी रंजय पांडे, कार्यकर्ता दया वर्मा, सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, द्वारिका वर्मा, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, की मुख्य भूमिका रही। प्रषिक्षण के लिए ये समग्र दृष्टिकोण न केवल प्रतिभागियों को व्यावसायिक कौषल से परिपूर्ण करेगा बल्कि उन्हें उद्यमषिल्ता की सफ्लता के लिए आवष्यक ज्ञान भी प्रदान करता है।

## शासकीय महाविद्यालय में तनाव मुक्ति और समय प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पी. के. भोई के निर्देशन एवं आई. क्यू. ए. सी. समन्वयक खिरसागर पटेल के मार्गदर्शन में तनाव मुक्ति एवं समय प्रबंधन विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर स्त्रोत वक्ता डा. संध्या भोई (छात्रसंघ प्रभारी / विभागाध्यक्ष हिंदी ) के द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के समय में अतिरिक्त तनाव न लेने एवं समय का उचित प्रबंधन करने संबंधी जानकारी दी गई। परिचर्चा के अंत में खिरसागर पटेल के द्वारा के आभार व्यक्त किया गया। उक्त परिचर्चा में हेमलता पटेल (सहा. प्राध्या. अर्थशास्त्र) डा. राधेश्याम पटेल (सहा. प्राध्या. इतिहास) एवं अन्य सहायक प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सभी ग्रामों में पिलाई जा रही है 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक



पायनियर संवाददाता < नर्रा/महासमुंद
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया के निर्देशन में पूरे जिले में पल्स पोलियो उत्सव मनाया जा रहा है।इसी तारतम्य में आयुष्मान अरोग्य मंदिर नर्रा के अंतर्गत सभी ग्रामों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है।आयुष्मान अरोग्य मंदिर नर्रा के आरएचओ डिगेन्द्र परमार ने जानकारी दिया कि हमारा भारत पोलियो मुक्त है।लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फ्रि लौट सकता है।अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें।पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं।पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें।पूरे जिले में 03 मार्च 2024 को बूथ स्तर में बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी एवं छूटे हुए बच्चों को 4 और 5 मार्च को घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।उन्होंने बताया कि पूरे जिले में 1270 पोलियो बूथ के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के 1 लाख 15 हजार 495 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।कार्यक्रम में आरएचओ डिलेश्वरी परमार,मितानिन संतोषी पटेल,सावित्री पटेल,माधुरी बेलदार , अमोतिन पटेल,हेमलता साहू एवं क्षेत्र की सभी मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं हितग्राही उपस्थित थे ।

# एएसपी एवं डीएसपी के उपस्थिति में थाना प्रभारी अर्जुनी द्वारा ग्राम भानपुरी में लगाया गया चलित थाना

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी अर्जुनी द्वारा ग्राम भानपुरी में ग्राम में शिकायत एवं समस्या निवारण के लिए चलित थाना लगाया गया था। चलित थाना में अधिक संख्या में भानपुरी के ग्रामवासी उपस्थित थे। जिनकी समस्या सुनी गई एवं नये कानून के बारे में भी जानकारी दी गई, वहां पर उपस्थित ग्रामवासियों को कोई शिकायत या सूचना देने कंट्रोल रूम धमतरी एवं डीएसपी धमतरी थाना प्रभारी अर्जुनी का मोबाइल नंबर भी दिया गया। चलित थाना लगाकर लोगों को कानून के प्रति लोगों में जागरूकता लाने अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य पुलिस जन चौपाल लगाकर लोगों को कानून की जानकारी दी जा रही है। आज कल सायबर संबंधी अपराध बढ गए हैं जिसके संबंध में जानकारी देकर बचने के संबंध में जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह द्वारा भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना के वायु सेना में भर्ती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को भी भर्ती में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिसके लिए धमतरी पुलिस द्वारा निरूशुल्क फ्जिकल एवं लिखित परीक्षा के लिए तैयारी एवं मार्गदर्शन दिये जायेंगे। भानपुरी के ग्रामवासियों को नये कानून की जानकारी एवं साइबर अपराध जैसे लॉटरी लगने,टॉवर लगाने,एटीएम चालू करने के नाम से फर्जी कॉल्स आते है जिससे बचने की धमतरी पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों से अपील कर जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारियों द्वारा गांव गांव में जाकर ग्रामीणों के शिकायत एवं समस्या निवारण के लिए लगातार चलित थाना लगाया गया जा रहा है, जिसके माध्यम से शिकायतों एवं समस्याओं का भी निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी नेहा पवार,थाना प्रभारी प्रभारी अर्जुनी निरी राजेश मरइ, प्रआर खोमेंन्द्र भारद्वाज, आर खेमू हिरवानी, संजय ठाकुर, थाना अर्जुनी स्टॉफ ग्राम भानपुरी के सरपंच सहित ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## कृषि पंप उपभोक्ता अपने कनेक्शनों में कैपेसिटर अनिवार्य रूप से लगाकर विद्युत विभाग करें सहयोग

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

रबी फसल में सिंचाई हेतु अत्यधिक पानी की आवश्यकता हेतु कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है। आप सभी की जानकारी में लाया जाना आवश्यक है कि सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नहीं लगाए जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है,जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवम जलने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है, कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11 केवी लाइनों पर, फिर 33/11के वी उपकेंद्रों पर तथा 33के वी लाइनों तथा इस प्रकार पूरे ट्रांसमीशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इस स्तिथि में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषक भाइयों , राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है। इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है जैसे नए उपकेंद्र की स्थापना , अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफ़ॉर्मरों की क्षमता वृद्धि, सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। लेकिन आपके सहयोग के बिना स्तिथि को सुधार पाना संभव नहीं है। आप से अपील एवम अनुरोध है कि प्रत्येक सम्माननीय कृषक अपने पंप/ट्यूबवेल कनेक्शन में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाकर न सिर्फ कम्पनी को सहयोग प्रदान करें बल्कि राज्य एवम राष्ट्र हित में सहयोगी बने।

आपकी सुविधा हेतु आवश्यक कैपेसिटर की क्षमता नीचे प्रर्दशित है

**पंप की क्षमता - केपिसिटर**

0 से 3 एचपी तक- 1 केवीएआर
3 से 5 एचपी तक - 2 केवीएआर
5 से 7.50 एचपी तक- 3 केवीएआर, 7.50 से 10 एचपी तक- 4 केवीएआर।

## छग ओपन परीक्षा का प्रवेश वितरण 5 मार्च से

धमतरी 3 मार्च। छत्तीसगढ राज्य ओपन स्कूल के हायर सेकंडरी सर्टिफ्किेट एवं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा अप्रैल 2024 के मुख्य एवं अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण 5 मार्च से डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा । विद्यालय में ओपन स्कूल विभाग के प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 9 मार्च एवं हाईस्कूल सर्टिफ्किेट की परीक्षा 11 मार्च से प्रारंभ हो रही है।

## भास्कर साहू का निधन



सरायपाली। ग्राम सेमलिया निवासी सेवानिवृत्त पटवारी भास्कर साहू 78 वर्ष का निधन हो गया। वे गीतकार तथा वाद्यकार भी थे। उनके दो सुपुत्र निशामणि तथा गुणमणि साहू सहित तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये। उनका दाह संस्कार ग्राम सेमलिया में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाजिक जनों व क्षेत्र वासियों उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उन्होंने हिंदी भाषा में 300 से अधिक ओड़िया गीत लिखा है।

## विक्षिप्त महिला का दैहिक शोषण, आरोपी को भेजा गया जेल



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

विक्षिप्त महिला के साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला राजधानी रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र का है । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन सुबह आरोपी अभय राम यदू पिता थुकेल यदू उम्र 53 वर्ष ने एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ मकान के अंदर ले जाकर दैहिक शोषण किया । शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों में हिरासत में लेकर पूछताछ किया है, जहां पर आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया । तिल्दा-नेवरा पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नीरज चंद्राकर के मार्ग दर्शन मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक ( विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में व तिल्दा-नेवरा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा के नेतृत्व में महिला संबंधित अपराध में अंकुश लगाने के वास्ते आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 122/24 ,धारा 376(2) (ठ) भा. दं. वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के 01 फ्रार आरोपी को तेलंगाना से पकडकर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**लवन।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना लवन प्रभारी निरीक्षक केसर पराग द्वारा नाबालिग बच्चों से संबंधित मामले निराकरण हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी म में थाना लवन क्षेत्र के एक मामला जिसमें दिनांक 15/01/24 को नाबालिक पीड़िता उम्र 11 वर्ष को गुटखा खरीदने जाने के लिए अपने पास बुलाकर घर अंदर ले जाकर जबरन बलात्कार करने के मामले में थाना लवन में अपराध मांक 25/2024 धारा 376 भादवी 6 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया था एवं घटना दिनांक से आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था आरोपी अपने सकुनत से फ्रार था एवं पुलिस से लुकछिप रहा था जिसे काफ्री प्रयास के बाद तेलंगाना राज्य में छुपने की जानकारी मिलने पर टीम भेज कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लवन लाया गया एवं आज दिनांक 01/03/24 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. भारत भुषण पठारी, आर. बहुर सिंह कैवर्त्य, पल्लव सिंह का विशेष योगदान रहा।

# रजिया एकेडमी के अग्निवीर में चयनित जवानों का किया समान

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



वंदे मातरम डिफेंस एकेडमी रजिया में रविवार को सुबह चयनित जवानों को पुष्प छिड़कर कर जवानों को रजिया ग्राउंड में सभी युवकों के द्वारा स्वगात किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा के अनिल सोनी का भी पुष्प हार से एकेडमी के द्वारा स्वगात किया, आपको बता दें कि अनिल सोनी ने अग्निवीर में चयनित जवानों को साल व श्रीफ्ल दे कर व पुष्प हार और गुलाल लगाकर सम्मान किया गया, जिसमें अनिल सोनी ने कहा कि मेहनत से सब कुछ हासिल किया जा सकता है, इसलिये हमें मेहनत से कभी पीछे नहीं हटाना चाहिए, सभी चयनित जवानों को बधाई भी दिया गया, व आर, एच, एम, युवराज वैष्णव ने विशेष प्रशिक्षण ख्रुञ्ज्ञद्ब वेप्पन आर्टी ट्रेनिंग सेंटर नासिक महाराष्ट्र के द्वारा विशेष मोटिवेशनल ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जवानों को बताया गया, इस अवसर पर चंद्र कुमार डड़सेना ,पंच राम यादव, पार्षद खरोरा, प्रशिक्षण गण पूर्व सैनिक युगल किशोर यादव, सरक्षण पूर्व सैनिक महेश वर्मा, पूर्व सैनिक हितेश कुमार ,नोहर वर्मा, व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक, युवती व रजिया से बड़ी संख्या में ग्रमीण जन उपस्थित रहें।

# बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में जंगल राज्य कायम,लगातार 18 घंटे तक विद्युत आपूर्ति रहा बंद, अंधेरे की आगोश में डूबा रहा सरहदी क्षेत्र

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

बलरामपुर रामानुजगंज जिले में मूलभूत सुविधाओं को लेकर आए दिन लोगों को कोई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा ऐसा प्रतीत होता है कि जिले में जंगल राज्य कायम हो गया जिसके कारण लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है बिजली विभाग के कर्मचारियों को फालट खोजने में 18 घंटे का समय लग गया इस दौरान लोग काफी परेशान दिखे। 2 मार्च 2024 को शाम 6:30 बजे अचानक विद्युत आपूर्ति बंद हो गई लोगों ने सोचा कि मामूली फॉल्ट आया होंगा विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी लेकिन काफी घंटा बीतने के बाद पता चला कि 132 केव्ही में फॉल्ट आ गया है और कफी लंबा समय लग सकता है लेकिन लोगों को यह विश्वास नहीं था कि 18 घंटे का समय व्यतीत हो जाएगा। तातापानी सब स्टेशन से संचालित होने वाले विद्युत आपूर्ति से हजारों उपभोक्ता काफी परेशान रहे। व्ही विभागीय सूत्र बताते हैं कि राजपुर से 25 किलोमीटर दूर एवं प्रतापपुर से 5 किलोमीटर दूर स्थापित टावर में फाल्ट आ जाने के कारण



लोगों को 18 घंटे तक विद्युत आपूर्ति के लिए इंतजार करना पड़ा। जिसके कारण लगातार 18 घंटे बिजली गुल रहने से लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा बिजली न होने से लोगों के घरों में पेयजल की किलत एवं घरों में लगे इनवर्टर भी काम करना बंद कर दिया। बिजली,पानी,और मोबाइल न होने पर लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वॉट की राजनीति करने वाले जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार जगह-जगह पर सब स्टेशन खोलने की होड़ सी मची हुई है लेकिन इस उपभोक्ताओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए संसाधन जुटाने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। वहीं विद्युत उपभोक्ताओं के बिलों में बेतहाशा वृद्धि होने के बाद भी विभाग सुनवाई करने से लगातार इनकार कर रहा है जिसके चलते उपभोक्ताओं को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस दिशा में सुनने वाला कोई नहीं है ऐसा प्रतीत होता है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले में भारी भरकम वेतन लेने वाले कभी भी उपभोक्ताओं के दुख दर्द का ख्याल नहीं करते जबकि जिले के तत्कालीन कलेक्टरों के द्वारा कई बार विद्युत विभाग के शिकायत प्राप्त होने पर उनको सख्त निर्देश दिया गया है कि अपने सब स्टेशन से जुड़े हुए उपभोक्ताओं का प्रत्येक माह शिविर के माध्यम से उनके समस्याओं का समाधान किया जाए। लेकिन लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारी के द्वारा इस दिशा में कभी कोई पहल नहीं की जाती हैं जिसके कारण उपभोक्ताओं की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है। विद्युत विभाग के द्वारा जिनके घरों के लाखों रुपए बकाया है उनसे कुछ आर्थिक मदद लेकर उनको छोड़ दिया जाता है और उनको बिजली जलाने कि खुली छूट दे दी जाती है लेकिन वही दो हजार बकाया वाले लोगों को ऐसा मानसिक प्रस्तावना दिया जाता है कि उनको अपने घरों का सामान बेचकर बिल का भुगतान करना पड़ता है यदि उपभोक्ताओं से जुड़ी हुई समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कभी भी उग्र रूप प्रशासन को झेलना पड़ सकता है ?

# विधिक जागरूकता शिविर एवं महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पामगढ़ में किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं के अधिकारों के प्रति जनजागृति फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम व परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं के विरूद्ध अपराध से सम्बंधित प्रावधान, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पोक्सों अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत मीडिया के दायित्व, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 के प्रावधानों एवं उक्त अधिनियम के सम्बंध में मा उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में महिलाओं के अधिकार, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधान एवं महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत महिलाओं के अधिकार के सम्बंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी अध्यक्षता मती प्रियंका अग्रवाल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जांजगीर-चांपा अनिल कुमार बारा तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर राजेन्द्र कुमार वर्मा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर अंशुल मिंज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पामगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी एल के कौशिक तहसीलदार बजरंग साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अनिमा मिश्रा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सौरभ यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर तालाब घाट का किया सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

आगामी दिनों महाशिवरात्रि का पर्व आ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुवे नगर व ग्रामीण क्षेत्रो के शिवालयों व मंदिरों में रंगरोगन के साथ ही सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्ती सरायपाली स्थित शिव मंदिर में भी रंगरोगन का कार्य पूर्णता पर है। मंदिर के बाजू में बड़ा तालाब स्थित है। मंदिर के बाजू में हो घाट पर उपयोग किये गए पूजा सामग्रीयों को तालाब में विसर्जित किये जाने व लंबे समय तक सफाई नही होने के कारण काफी कचरा एकत्र हो गया था व सड़न पैदा होने से पानी भी प्रदूषित हो रहा था तो वही गंध भी पैदा हो रही थी। इसे ध्यान में रखते हुवे नगर के कुछ उत्साही युवकों द्वारा स्वच्छता मित्रो व नगरपालिका के सहयोग से तालाब की सफाई की गई। तालाब सफाई के दौरान भारी भरकम कचरा को बाहर निकाला गया। कचरा



निकलने के दौरान तुलसी के सूखे पौधे भी निकले। इसे गंभीरता से लेते हुवे कुछ लोगों द्वारा यहां गंदगी न फैले इस हेतु एक बड़ा कचरा डब्बा भी रखने कहा गया। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे कचरों व तुलसी पौधों को तालाब में विसर्जित न कर कचरा डब्बा में डाले। निर्देश की अवहेलना करते पाए जाने पर 500 रुपए अर्थदंड लेने पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, टंकेश्वर जायसवाल, नरेंद्र मांझी, गिरजा महापात्र, निखिल कानूनगो, भरत अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल (शिवानी आटो) शंकर, महेंद्र पसायत ,अमर अग्रवाल आदि सफाई अभियान में उपस्थित थे।

# अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते घर अंदर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की लगातार पता तलाश जारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अश्लील गाली देकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया 25.02.2024 को प्रार्थी जसवंत चतुर्वेदी पिता दौलत चतुर्वेदी उम्र 32 साल साकिन चिरहुला थाना व जिला मुंगेली ने थाना नांदघाट हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22.02.2024 को संबलपुर निवासी विनोद सोनवानी के यहां शादी कार्यक्रम में बारात आये थे इस दौरान संबलपुर के 03-04 लडके आये और बंद करो नाच गाना हमारे यहां नाच गाना नही होता करके गाली देने लगे गाली देने से मना करने पर आरोपीगणो गब्बर बघेल, लल्ला बघेल, सूरज बघेल, कारगिल तेवलकर, संदीप तेवलकर एवं 06 अन्य साथी



करीबन 05 -10 लोग सभी साकिनान संबलपुर द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते घर अंदर घुसकर हाथ मुक्का डंडा बेल्ट राड से मारपीट कर बाराती वाहन को तोडफोड करने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294, 506,147, 148, 149, 458,427 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी 1.शिवा बघेल ऊर्फ मोना पिता श्याम बघेल उम्र 23 साल, 2. विवेक तेवलकर पिता अश्वनी तेवलकर उम्र 20 साल, 3. तुकेश्वर ऊर्फ छोटू पिता श्याम लाल बघेल उम्र 19 साल सभी साकिनान संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को 01.03.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर 02.03.2024 को माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

# सतनामी सामूहिक आदर्श विवाह 7 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति पं.क्र. 2718 द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सतनामी समाज के तयशुदा जोड़ों के लिए सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन 7 अप्रैल 2024, रविवार को सांस्कृतिक भवन न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में किया जा रहा है। समिति के प्रदेशाध्यक्ष जय बहादुर बंजारे ने अपील की है कि समय व खर्च की बचत करने तथा तामझाम व फिजुलखर्ची पर रोक लगाने के उद्देश्य से आयोजित इस वैवाहिक कार्यक्रम में आप अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह कराकर एक मिसाल प्रस्तुत करें। नियम व शर्तें--1. रिश्ता तय हो चुके जोड़े (वर-वधु) की 2 रंगीन पासपोर्ट साईज की फोटो। 2. आयु के लिए जन्म प्रमाण पत्र या शाला प्रमाण पत्र की छायाप्रति । 3. निवास के लिए राशन कार्ड/बिजली बिल आधार कार्ड की छायाप्रति। 4. वर-वधु की ओर से 10/- का स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (सहमति पत्र, प्रारूप आवेदन फार्म के साथ प्राप्त होगा) 5. पिता की सहमति पत्र (माता/पिता/पालक) 6, रिश्ता तय हो चुके जोड़े का प्रमाण पत्र (प्रारुप आवेदन फार्म के साथ प्राप्त होगा) ग्राम के भण्डारी/सरपंच/ पार्षद द्वारा जारी किया हुआ। 7. प्रत्येक जोड़े (वर-वधू) को विवाह पोषाक व श्रृंगार सामग्री समिति की ओर से दी जायेगी। पंजीयन हेतु संपर्क करें 99079 71178 99265 45355, 99267 44974 कार्यालय, गुरु घासीदास कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर। 8. वर-वधु को समिति की ओर से वैवाहिक प्रमाण-पत्र व यथासंभव उपहार स्वरुप सामग्री भेंट दी जायेगी। 9. आदर्श विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के अनुरुप पूरे विधी-विधान से सम्पन्न करवाया जायेगा। 10. वर-वधु (प्रत्येक पक्ष) से 20-20 परिजनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। सभी जोड़ों व उनके अग्रिम पंजीयन व अधिक जानकारी के लिए सरजू प्रसाद घृतलहरे (संरक्षक), बी. आर. बंजारे जय बहादुर बंजारे (प्रदेश अध्यक्ष), दिनेश खुटे (प्रदेश उपाध्यक्ष), पृथ्वीराज बघेल, अंजली वरमाल, रमेश बंजारे, कृष्ण कुमार बरमाल, महेश घृतलहरे, महेश ढ़ीढ़ी, सुरेश कुर्रे,श्याम नारंग, अश्वनी बबलू त्रिवेन्द, डी.डी. भारती, जितेन्द्र चेलक, पप्पू राजेन्द्र बंजारे, फूलचंद घृतलहरे इन सभी से संपर्क कर सकते है ।

# पार्षद ने पिलाई दो बूंद जिंदगी के लिये



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सघन प्लस पोलियो अभियान क़ा शुभारंभ वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद नीतू कोठारी ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी के लिये पोलियो पिलाकर किया। पार्षद नीतू कोठारी ने अभिभावकों से आह्वान करते हुये कहा कि वह अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को हर बार पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर इस बीमारी पर अपनी जीत को बरकरार रखे नेशनल प्लस पोलियो अभियान के दौरान 3 से 5 मार्च तक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर मितानिन मिथलेश चक्रधारी,वर्षा शर्मा एएनएम आरती वर्मा एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# नव पदस्थ थाना प्रभारी द्वारा बड़ी मात्रा अवैध गांजा पकड़े जाने पर रेल निर्माण संघर्ष समिति व चेम्बर्स सदस्य ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व ओड़िसा सीमा पर स्थापित सिंघोड़ा थाना में नवपदस्थ थाना प्रभारी महेश साहू के पद ग्रहण करने के 2 दिनों बाद ही 1725 किलो गांजा से भरी ट्रक को पकड़ने में मिली सफलता को ध्यान में रखते हुवे नागरिक गणो व चेम्बर आफ़ कॉमर्स द्वारा सिंघोड़ा जाकर टीआई महेश साहू का शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। टीआई महेश साहू ने सभी सदस्यगणों का आभार व्यक्त करते हुवे क्षेत्र में अवैधानिक कार्यो को रोकने के लिए पुलिस को सुझाव , साथ व सहयोग किये जाने की अपेक्षा करते हुवे आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो कि दो दिन पूर्व ही सिंघोड़ा पुलिस द्वारा ओडिशा से महाराष्ट्र पासिंग ट्रक द्वारा टमाटर कैरेट की आड़ में उसके नीचे 1725 किलो गांजा छिपाकर लाया जा रहा था । जिसकी कीमत 8 करोड़ 86 लाख रुपये लगभग आंकी गई थी। इतनी



बड़ी मात्रा में सरायपाली व सिंघोड़ा थाना के इतिहास में पहली बार भारी तादात में गांजा जप्त कर दो आरोपियों को भी मौके से गिरफ्तार किया गया था। मालूम हो कि पिछले कई वर्षो से ओडिशा से लगातार गांजा परिवहन की शिकायत पुलिस को मिलती रही थी। उस समय यह क्षेत्र सरायपाली थाना के अंतर्गत आता था। लगातार गांजा व अन्य तस्करी को रोकने में सरायपाली पुलिस को विशाल क्षेत्र व स्टाफ की कमी के चलते अपेक्षित कार्यवाही व सफलता नही मिल पा रही थी। दोनों राज्यो की सीमा में एक अतिरिक्त थाना खोले जाने की मांग वर्षो से क्षेत्रवासी व व्यापारी भी कर रहे थे जिसे स्वीकार करते हुवे 2017 सिंघोड़ा में थाना आरम्भ किया गया । तब से लेकर आज तक औसतन प्रत्येक 2-4 दिनों के बाद अवैध रूप से गांजा व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की जप्ती की जा रही है व पुलिस को भारी सफलता भी मिल रही है। विगत दिनों सरायपाली पुलिस को भी 3 करोड़ 80 लाख रुपये के नकली नोट को जप्त कर कार्यवाही किये जाने में भारी सफलता मिली थी। यह भारी सफलता भी सरायपाली के इतिहास में पहली बार टीआई शिवानंद तिवारी के सक्रियता से मिल सकी । कल ही इस प्रकरण में फरार 2 मुख्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 03 किलो 500 ग्राम परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अवैध मादक पदार्थ गांजा 3:30 किलो परिवहन करते दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन पुलिस चौकी देवरबीजा स्टाफको जरिए मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04-डीएन-8023 में एक प्लास्टिक के बोरी में अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ बिक्री करने हेतु ग्राम पदमी से ग्राम मोतेसरा की ओर आ रहा है कि सुचना पर सायबर सेल बेमेतरा एवं पुलिस चौकी देवरबीजा



स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपियो के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 03 किलो 500 ग्राम कीमती करीबन 35,000/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04-डीएन-8023 कीमती 40,000/- रूपये कुल जुमला 75,000/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपी 1. विष्णु प्रसाद पटेल पिता रामेश्वर पटेल उम्र 41 साल 2. बसंत पटेल पिता विष्णु प्रसाद पटेल उम्र 18 साल साकिनान कंदई चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। उक्त कार्यवाही में थाना सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, सउनि संतोष धुर्वे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, मोहित चेलक, भागवत सिंह ठाकुर, अशरफ खान आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, नुरेश वर्मा, राजेश ध्रुव, संजय पाटिल, मोतीलाल जायसवाल, पंचराम घोरबंधे, विनोद सिंह राजपूत, सौरभ सिंह, रमेश चंद्रवंशी, रामेश्वर पटेल, प्रवीण वर्मा, राजतिलक हिरवानी एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

## शिवालय में होगा विशेष रुद्राभिषेक, भगवान भोलेनाथ की निकाली जाएगी बारात, शिवालय में होगा भोग भंडारे का होगा आयोजन

# जिले में 8 मार्च को होगा भव्य महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के अनेक स्थानों पर भव्य मेले का आयोजन होगा वही शिवालय में विशेष रूप से रुद्राभिषेक के साथ भोग भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा इसके लिए अभी से गांव गांव से लेकर शहर तक के शिवालय के मंदिर समितियो के द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है इस संबंध में अशोका विहार कॉलोनी के अध्यक्ष डॉ नरेश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष भी सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में विशेष भोग भंडारे के आयोजन के साथ रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर में सफाई व्यवस्था और रंग रोगन के कार्य रविवार को प्रारंभ हो गया है इसके साथ ही मंदिर की तैयारी को लेकर अशोका विहार कॉलोनी के निवासी ठाकुर प्रवीण सिंह, पुजारी राम



विशाल मिश्रा, शिवालय के पुजारी पंडित शुभम दुबे, हीरालाल पटेल, श्यामू पटेल ,विनीत ठाकुर, सुयश तिवारी, संजय तिवारी, छोटू पटेल प्रमोद ठाकुर कमल बंजारे, योगेश माने, राजू गोविंदानी एवम अक्षत त्रिपाठी विशेष रूप से मंदिर की तैयारी में लगे हुए हैं।

**मां भद्रकाली मंदिर स्थित शिवालय में भी होगा पूजा पाठ**-मां भद्रकाली मंदिर परिसर में विराजे शिव मंदिर में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों के द्वारा विशेष पूजन का आयोजन किया जाएगा इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के अध्यक्ष उत्तमचंद माहेश्वरी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही शिवालय में भक्तों के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और दिनभर मंदिर खुला रहेगा। बेमेतरा मानपुर पीकरी भेड़नी बहेरा, दहीमही,सोमनाथ और मरका में हो होगा भव्य मेले का आयोजन-महाशिवरात्रि के अवसर पर बेमेतरा पिकरी मानपुर ,सोमनाथ, भेड़नी ,बहेरा, दही मही, एवं मरका में भव्य मेले का आयोजन होगा प्रतिवर्ष इन स्थानों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है इन गांवो में विशेष रूप से धार्मिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है इसके लिए समितियां बनी हुई है। जिनके द्वारा महाशिवरात्रि पर मिलेंगे आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है इन मेरा स्थलों पर स्थित सभी शिवालयों की रंग रोमन साफ सफाई का काम प्रारंभ हो चुका है इन स्थानों पर मेले के आयोजन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल बना रहता है सोमनाथ शिवनाथ नदी के किनारे स्थित है जहां पर मेले का आयोजन होता है व्यापारी भी इस मेले में विशेष कर अपनी अपनी दुकाने व्यवसाय के लिए लगाते हैं।

**घोरेघाट में होगा भव्य महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन** -दाढ़ी नगर पंचायत के सरहदी क्षेत्र में स्थित ग्राम घोरेघाट दो पवित्र नदियों संकरी फोक के संगम स्थल पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन होगा हर हर महादेव समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में सफाई व्यवस्था पूरी कर ली गई है तथा हर-हर महादेव समिति के सदस्य मंदिर स्थल पर मेले के आयोजन को लेकर प्रतिदिन कार्य में लगे हुए हैं मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन होगा इसके अलावा मड़ई का भी आयोजन गांव की ओर से रखा गया है रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा भरत आदिवासी ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आसपास के ग्रामीणों के द्वारा मेले का आनंद लिया जाता है साथ ही शिवालय में ब्रह्म मुहूर्त में रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया जाएगा। मेले का यह आयोजन 26वां वर्ष है इसके पूर्व मेले का कार्यक्रम स्वीटी क्लब के माध्यम से दाढ़ी नगर के नागरिकों के द्वारा प्रारंभ किया गया था जो कि आज तक अनवरत जारी है।

# बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर विधायक चातुरी नंद ने किया प्लस पोलियो अभियान की शुरुआत



**सरायपाली।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम गौरबहाली में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। विधायक नंद ने पोलियो मुक्त देश बनाने सभी 0 से 5 साल के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। इस दौरान तरुण भृगराज, प्रभात पटेल, स्वास्थ्य विभाग से टी आर घृतलहरे, नागवंशी सिस्टर, एएनएम समेत कृपासिंधु बरीहा तन्मय पंडा स्थानीय जनप्रतिनिधि मितानिन ग्राम प्रमुख और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बता दें कि राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस पर देशभर में बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई है।



# अक्षय के साथ इस फिल्म में नजर आएंगी प्रज्ञा जायसवाल

साउथ सुपर स्टार प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रज्ञा तमिल और तेलुगु में कई फिल्में कर चुकी हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रज्ञा को एक बहुत बड़ी बॉलीवुड फिल्म के लिए साइन किया गया है। इस फिल्म से पहले वे सलमान खान की फिल्म अंतिम में एक कैमियो करती नजर आई थीं। प्रज्ञा अपने इस नए प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं।

### अक्षय के साथ आएंगी नजर

अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। उनकी यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे आगामी फिल्म खेल खेल में की शूटिंग शुरू चुके हैं। इस फिल्म में उनके अलावा तापसी पन्नू भी नजर आने वाली हैं। दर्शकों में अभी से ही अक्षय कुमार की इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सूत्रों की मानें तो अक्षय की इस फिल्म में साउथ की मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल भी शामिल हो गई हैं। इस खबर ने प्रज्ञा के फैंस के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है।

### रोमांटिक कॉमेडी होगी फिल्म खेल खेल में

अक्षय कुमार और प्रज्ञा जायसवाल स्टारर यह फिल्म मशहूर इटालियन फिल्म परफेटी स्कोनोसियुटी की रीमेक है। सूत्रों की मानें तो यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। प्रज्ञा इन दिनों उदयपुर में फिल्म के बाकि कलाकारों के साथ शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस फिल्म में काफी समय बाद अक्षय कुमार और फरदीन खान एक साथ नजर आने वाले हैं।

### प्रज्ञा का वर्क फ्रंट

आने वाले दिनों में प्रज्ञा फिल्म खेल खेल में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वे बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाने की कोशिश करने वाली हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे टायसन नायडू की फिल्म अखंड में भी दिखाई देंगी।



# अक्षय की फिटनेस की फैन हैं नेहा



नेहा धूपिया और अक्षय कुमार ने एक साथ कई फिल्में की हैं। फिल्म सिंह इज किंग उन्हीं में से एक है। हाल ही में, नेहा ने अक्षय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देखिए अक्षय फिटनेस को लेकर कितने जागरूक हैं यह सबको पता है, लेकिन मैं जो आपको बताने जा रही हूं शायद वह बात सबको नहीं पता होगी। बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस शो में वे अपने गेस्ट से कई दिलचस्प सवाल करती नजर आती हैं। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री अपने फिल्मी करियर के उतार-चढ़ाव के अलावा अभिनेता अक्षय कुमार के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे किए।

### फिटनेस के लिए मोटिवेट करते हैं अक्षय

नेहा धूपिया और अक्षय कुमार ने एक साथ कई फिल्में की हैं। फिल्म सिंह इज किंग उन्हीं में से एक है। हाल ही में, नेहा ने अक्षय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देखिए अक्षय फिटनेस को लेकर कितने जागरूक है यह सबको पता है, लेकिन मैं जो आपको बताने जा रही हूं शायद यह बात सबको नहीं पता होगी। अक्षय सिर्फ खुद के लिए ही नहीं फिटनेस फीक हैं बल्कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी मोटिवेट करते हैं कि वे भी अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक बनें।

### 70 मंजिल चढ़ते थे साथ में

फिल्म सिंह इज किंग की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में हुई थी। नेहा उन दिनों को याद करते हुए कहती हैं, हम फिल्म की शूटिंग के लिए जिस इमारत में ठहरे थे, वह इमारत 70 मंजिल की थी। आप शायद यकीन नहीं करेंगे लेकिन अक्षय ने हमें उस 70 मंजिला इमारत की सीढ़ियों को चढ़ने और उतरने को कहते थे। हम साथ में इसे वर्क-आउट के जैसे करते थे। यह एक रोमांचक अनुभव था।

### करीना हैं बेहतर होस्ट

जब नेहा धूपिया से पूछा गया कि वे किसे बेहतर होस्ट मानती हैं अपने शो नो फिल्टर नेहा के लिए। तब अभिनेत्री ने जवाब दिया, मुझे लगता है कि करीना कपूर मेरे शो के लिए एक शानदार होस्ट हो सकती हैं। वे किसी से भी कोई भी सवाल बड़ी बेबाकी से पूछ सकती हैं। उनमें यह काबिलियत है।



# वर्षों बाद एक साथ नजर आएंगे दीया मिर्जा और सुनील शेट्टी

करण जौहर स्टारकिड्स के साथ फिल्में बनाने के लिए मशहूर हैं। साल 2024 में वे इब्राहिम अली खान को लांच करने जा रहे हैं। अभी से ही इब्राहिम की इस फिल्म ने बज क्रीएट करना शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो इब्राहिम अली की इस फिल्म में उनके साथ दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी और दीया मिर्जा भी नजर आने वाले हैं। काफी सालों बाद सुनील और दीया एक साथ पर्दे पर दिखाई देंगे। इस खबर ने दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया है। अभी तक धर्मा प्रोडक्शंस की तरफ से इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की इस आगामी फिल्म के नाम की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इस फिल्म में इब्राहिम खुशी के साथ रोमांस करते नजर आने वाले हैं। वहीं, सूत्रों की मानें तो धर्मा प्रोडक्शंस की इस फिल्म का नाम नादानियां है।

### ओटीटी पर होगी रिलीज

शाउना गौतम के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर करण जौहर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से इस फिल्म के मुहूर्त शॉट को भी साझा किया था। शाउना इससे पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी सहायक निर्देशन का काम कर चुकी हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुशी और इब्राहिम की इस फिल्म को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा।



# वर्क एनर्जी मोड में लौटने के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं प्रियंका चोपड़ा

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वर्क एनर्जी मोड में लौटने के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक मिरर सेल्फी पोस्ट की है जिसमें वह वर्कआउट गियर में दिख रही हैं। लव अगेन स्टार स्लेट ग्रे रंग की स्पोर्ट्स ब्रा और शॉर्ट्स में दिखाई दे रही हैं। वह नो मेकअप लुक में हैं और अपने बालों को जैसे-तैसे बन में बांध रखा है। कैप्शन में उन्होंने लिखा- इसका लाभ हो रहा है ... आखिरकार वर्क एनर्जी में लौट रही हूं। 41 वर्षीय स्टार अपना समय पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी जोनास चोपड़ा के साथ बिता रही हैं। वह लगातार सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ अपनी निजी जिंदगी की झलक साझा करते हुए उनके साथ तस्वीरें अपलोड करती रहती हैं। प्रियंका ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि वह किस चीज पर काम कर रही हैं। हालाँकि, खबर है कि वह इदरीस एल्बा स्टारर फिल्म हेड ऑफ स्टेट में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन इल्या नैशुलर ने किया है।



# सिद्धांत चतुर्वेदी ने की रणबीर कपूर की तारीफ

सिद्धांत चतुर्वेदी हाल ही में 'खो गए हम कहां' में नजर आए थे। एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धांत ने बॉलीवुड में चुनौतियों को लेकर खुलकर बात की है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- मैं पर्सनली इंडस्ट्री से किसी तरह की उम्मीद नहीं रखता हूं। लेकिन हां मुझे काम को लेकर उम्मीदें जरूर हैं। सिद्धांत ने बताया कि चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ते रहने के लिए एक्टर आयुष्मान खुराना ने उन्हें सलाह दी थी। आयुष्मान के अलावा विक्की कौशल और रणबीर कपूर ने भी उनकी काफी मदद की थी। सिद्धांत चतुर्वेदी ने बताया कि जब रणबीर ने मुझे बुलाया था तो उन्होंने उस टाइम मुझसे काफी लंबी बात की थी।

### गहराइयां फ्लॉप होने के बाद रणबीर ने दी थी सलाह

रणबीर ने मुझसे कहा था कि बस काम करते रहो और इस बात को सोचकर बिल्कुल परेशान मत हो कि दूसरे लोग काम कर रहे हैं या वो ये दिखा रहे हैं। जब गहराइयां फ्लॉप हुई थी तो उस टाइम सिर्फ रणबीर और आलिया ने मुझे लंबा-चौड़ा मैसेज भेजा था। वो दोनों मुझे समझाना चाह रहे थे।

### 'खो गए हम कहां' के बाद लोगों ने काफी तारीफ की

सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- रणबीर ने मुझसे कहा था कि 'जब तू उम्मीद नहीं कर रहा होगा तब चलेगी फिल्म', तो मैंने कहा था कि ठीक है। एक्टर ने आगे कहा कि 'खो गए हम कहां' से मुझे ज्यादा उम्मीद नहीं थी। मैं नहीं जानता था कि इस फिल्म को इतना प्यार मिलेगा, क्योंकि ये सिर्फ एक टारगेट ऑडियंस के लिए थी, लेकिन फिर भी इस फिल्म को लोगों ने खूब प्यार दिया है।



# विलेन की भूमिका के लिए उत्साहित हैं अर्जुन

रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन लगातार चर्चा में बनी हुई है। सुपरहिट फिल्म सिंघम की फ्रेंचाइजी के अलावा इसके साथ खतरनाक एक्शन सीक्वेंस भी इस फिल्म की विशेषता में शुमार है, लेकिन हाल के दिनों में इस फिल्म को लेकर जिस चीज ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी वह इस फिल्म की स्टार कास्ट ने। सिंघम अगेन में फिल्म इंडस्ट्री के कई टॉप स्टार्स मुख्य भूमिका में हैं, वहीं हाल ही में फिल्म के मुख्य विलेन की भूमिका के लिए अभिनेता अर्जुन कपूर के नाम से पर्दा उठा, जिसे अर्जुन ने अपने लिए एक सुनहरा मौका बताया। हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने कहा, सिंघम अगेन में विलेन की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं, इस फिल्म के जरिए मुझे स्क्रीन पर एक नया प्रयोग करने और एक अभिनेता के रूप में खुद को चुनौती देने का बड़ा मौका मिला है। हालांकि, अर्जुन इससे पहले भी कुछ फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभा चुके हैं। अर्जुन ने कहा, मैंने इशकजादे और औरंगजेब जैसी फिल्मों में नेगेटिव किरदार ही इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की थी। इतने सालों के बाद एक बार फिर मैं ऐसा करने जा रहा हूं। हालांकि, आदित्य चोपड़ा ने ऐसे किरदार निभाने की क्षमता मुझमें बहुत पहले देखी थी। अब फिर से एक बार मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका देने के लिए मैं रोहित शेट्टी का आभार व्यक्त करता हूं। रोहित शेट्टी ने मुझमें विश्वास जगाया कि मैं उनकी फिल्म कॉप यूनिवर्स फिल्म में एक विलेन का किरदार निभा सकता हूं।

फिल्म की शूटिंग को लेकर अर्जुन ने कहा, मैं हमेशा से खुद के साथ स्क्रीन पर नया प्रयोग करना चाहता था, ताकि दर्शकों को कुछ अलग देखने को मिल सके। ऐसे में सिंघम अगेन में पुलिस के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना मेरे लिए बेहद ही रोमांचक अवसर है।

# दीपिका सिंह ने बचपन का सपना किया पूरा

शो मंगल लक्ष्मी में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने नोज पियर्सिंग करवाई है। एक्ट्रेस ने कहा कि यह उनकी बचपन की इच्छा थी। दीपिका मंगल लक्ष्मी में अपने किरदार को लेकर बहुत रोमांचित हैं। दीया और बाती हम में अपने किरदार से मशहूर एक्ट्रेस ने अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही नोज पियर्सिंग करवाना चाहती थी। मैं हमेशा स्टिक-ऑन का उपयोग करती थी, हालांकि अपने इस किरादर के लिए मैंने यह कदम उठाया। यह मेरे ऊपर बेहद अच्छी लग रही है। नोज पियर्सिंग करवाने का अनुभव काफी यादगार और डरावना था। उन्होंने कहा, इसके लिए बहुत साहस की आवश्यकता थी। पहली बार मेरी नाक से खून बहने लगा था। मुझे पियर्सर के पास वापस जाना पड़ा और इसे फिर से करवाना पड़ा। यह थोड़ा दर्दनाक था। कवच... महाशिवरात्रि फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, मंगल एक ऐसा किरदार है जो सभी घरेलू महिलाओं को प्रभावित करता है। नोज पियर्सिंग उसकी पहचान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। मैं वास्तव में अपनी नाक छिदवाकर इसका सम्मान करना चाहती थी। मंगल लक्ष्मी एक गृहिणी और उसकी छोटी बहन के इर्द-गिर्द घूमती एक कहानी है।



# अयोध्या से लौटे रामभक्तो का सिग्नल चौक पर विधायक साहू नें किया भव्य स्वागत

## बोले- रामलला के दर्शन कर पाना सौभाग्य की बात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

28 फरवरी को छत्तीसगढ़ के लिए सरकार स्पेशल ट्रेन भगवान श्री राम लला अयोध्या दर्शन लिए रवाना किया गया था..। जिसमे बेमेतरा जिले के 32 श्रद्धालु रामभक्त भी भगवान श्री राम चंद्र जी की अयोध्या दर्शन के लिए गया थे द्य आज राम भक्ति की वापसी हुई जिसको लेकर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और कार्यकर्ताओं ने लोगों पर फूल बरसाया, उनका तिलक कर उन्हें माला पहनाया और उनका स्वागत किया।और उन्होंने जय श्री राम के नारे लगाए।



**राम भक्तों ने साझा किया अपना अनुभव**

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा नें ने बताया कि, वे पहले भी कई बार अयोध्या जा चुके हैं। लेकिन इस बार वे राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद गए थे। उन्होंने कहा कि, सभी सुविधाएं बहुत अच्छी थी और चीजें पहले से काफी बदल गई हैं। श्रीराम जी के दर्शन कर मैं भाव विभोर हो गई। अपने जीवन में श्री राम का मंदिर बनता देखना हमारा सौभाग्य है।

**श्री रामलला दर्शन कर धन्य हुए हूए श्रद्धालु**

अयोध्या से दर्शन कर लौटे भाजपाइयों ने बताया कि, सारी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी थीं। ट्रेन से लेकर अयोध्या में रूकने, दर्शन करने और सभी व्यवस्थाएं अच्छी थीं। उन्होंने कहा कि, हमें लगता था हम भगवान श्री राम लला का मंदिर का दर्शन कर पाएंगे की नहीं द्य लेकिन हमारा सौभाग्य था की की छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा पात्र साकार हुई और आज हमार भगवान श्री राम चंद्र जी की अयोध्या दर्शन का सपना साकार हुआ। हमने भगवान राम की वह अद्भुत क्षण देखा हम धन्य हुए।

**छत्तीसगढ़ सरकार नें पूरा किया अपना वादा : दीपेश साहू**

अयोध्या से भगवान श्री राम लला दर्शन कर लौटे रामभक्तो का स्वागत करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा सरकार ने घोषणा किया था कि छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनते ही भगवान श्री राम लाल अयोध्या दर्शन कराया जाएगा द्य इसके बाद आज प्रदेश के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित स्पेशल ट्रेन से रवाना होकर अयोध्या दर्शन कर रहे हैं । निश्चित ही इन पांच सालो मे छत्तीसगढ़ एक एक राम भक्त अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम का दर्शन कर अपने जीवन को सौभाग्य बनाएंगे । इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली, प्रहलाद रजक, मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, केशव साहू, युगल देवांगन, माहेश साहू, देवराम साहू, पंचू साहू, दोहाई वर्मा, अनवर साहू, रेवाराम निषाद, अशोक साहू, शिव साहू, गोपी देवांगन, तारण राजपूत, संदीप यादव, रोशन दत्ता, ललित निर्मलकर, अनिल रजक, धर्मराज खांडे, राजा राम साहू, राजेश वर्मा, हर्ष तिवारी, गौरव साहू, नारद साहू , प्रणीस रजक, आनंद यादव, लक्ष्मीनारायण यादव, सच्चिदानंद यदु, पुरुषोत्तम यादव, नारद यादव, तुषार साहू, दीनानाथ साहू, और अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पवन ने कृति को दो बूंद पोलियो ड्राप पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

रविवार को राष्ट्रीय सघन राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ ग्राम कोहंगाटोला में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू के द्वारा नवजात शिशु कृति को दो बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। इस अभियान के तहत् प्रथम दिवस 3 मार्च को बुथ स्तर पर शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी एवं द्वितीय व तृतीय दिवस 04 एवं 05 मार्च 2024 को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य शारदा सिन्हा, सरपंच हेमीन साहू, पिछड़ा वर्ग सदस्य खिलेश्वरी साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला मीडिया अधिकारी रमेश कुमार सोनबोईर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू सेक्टर सुपरवाईजर पी. सिन्हा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हेम कुमार साहू, कु. रीता महेश्वरी, समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



दलीराजहरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी ?को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। आरोपी रात में सुनसान पाकर मोटर सायकल की चोरी करता था। आरोपी के कब्जे से एक हीरो डीलक्स क्रमांक सीजी 07 एएच 5730 जब्त किया गया हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक मार्च को दल्लीराजहरा के वार्ड-11 निवासी प्रार्थी ऐमन कुमार खोबरागडे ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 फरवरी 2024 की रात्रि करीबन 9 बजे वह अपने दोस्त दिनेश के घर के सामने अपना हीरो डीलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एएच 5730 सायकल खडी कर चला गया था। 28 फरवरी 2024 के रात्रि करीबन 2.30 बजे वापस आने परे देखा कि प्रार्थी अपना मोटर सायकल जहां खड़ा किया था वहां नही था। कोई अज्ञात चोर द्वारा मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर दल्लीराजहरा थाने में अपराध क्रमांक 62/23 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। एसपी एसआर भगत के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुनील तिर्की एवं स्टाफ के द्वारा आरोपी के पता तलाश के दौरान संदेही हरीश कुमार ध्रुव पिता रंजीत ध्रुव (30 वर्ष) से पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो घटना समय को अपने साथी पूरन लाल साहू पिता जेठू राम साहू (24 वर्ष) के साथ उक्त मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया एवं आरोपी के मेमोरण्डम कथन में चोरी गये मोटर सायकल को बरामद जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिकी, प्र.आर. संतराम मडावी आर. चुरेन्द्र कुर्रे, मनोज साहू, शेल अली, छन्नू बंजारे, का सराहनीय भूमिका रही।

## विधायक दीपेश साहू ने 0 से 5 वर्ष के बच्चो को पोलियो ड्राप पीला कर किया राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ, मातृ एवं शिशु अस्पताल बेमेतरा में किया गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत श्री दीपेश साहू जी, विधायक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के द्वारा बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर किया गया, उक्त कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता डॉ विनय साहू,पार्षद नीतू कोठरी ,आदि जनप्रतिनिधि मौजूद थे वही स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एस. चुरेन्द्र, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. शरद कोहाड़े, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, लता बंजारे, अस्पताल सलाहकार, स्वाती यदु, डी.पी.सी. कु. सम्पत्ती बंजारे, डी.पी.एच.एन.ओ. श्रीमती हिना सिन्हा, मिडिया प्रभारी, श्री संजय तिवारी, कार्यालय सहायक टीकाकरण, श्री देवेन्द्र नामदेव, एवं अस्पताल के स्टॉफसहित शुन्य से 05 वर्ष आयु के बच्चे एवं पालकगण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा उपस्थित बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 05 बच्चों को पोलियों की 02 बूंद की खुराक पिलाकर विधायक महोदय द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके पश्चात उपस्थित सभी अधिकारीगण द्वारा एक-एक कर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाया गया। जिले में कुल लक्ष्य 95862 के विरूध्द शतप्रतिशत बच्चों को बूथ में टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में 793 पोलियों बूथ की स्थापना की गई है, जिसमें 2880 टीकाकर्मीयों द्वारा पोलियों की खुराक लक्ष्यित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पोलियों बूथ की स्थापना जिला मुख्यालय अंतर्गत जिला बेमेतरा नया बस स्टैण्ड, सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा के सामने, जहां आने जाने वाले यात्रीयों को पोलियों की दवा पिलाई जा सके इसके साथ ही शहारी क्षेत्र के सभी वार्डों में पोलियों बूथ की स्थापना की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मिली जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रथम दिवस गतिविधि में शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को बूथ के अंतर्गत दोपहर तक 65 प्रतिशत बच्चो को पोलियों की खुराक पिलाई गई, वही द्वितीय और तृतीय दिवस में छुटे हुए बच्चों को घर-घर भ्रमण कर पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी।

## पं.ज.ला. नेहरू महाविद्यालय बेमेतरा में अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शा.पं.ज.ला. नेहरू महाविद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य डॉ.पी पी चंद्रवशी के मार्गदर्शन में समाजकार्य विभाग में अनुसंधान में संख्यिकीय के उपयोग विषय पर अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता व ज्ञान साधन व्यक्ति के रूप में वाणिज्य विभाग के सहा.प्राध्यापक एल एन गुप्ता उपस्थित थे । उन्होंने अपने व्याख्यान में सांखिकीय का अर्थ तथा लक्षण व महत्त्व बताते हुए अनुसंधान में सांखिकीय की क्या उपयोगिता हो सकती है इसे विस्तार पूर्वक विद्यार्थियो को बताया गया साथ ही सांख्यिकीय के जरूरी टूल्स और तकनीक के बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया गया ।इस अतिथि व्याख्यान कार्यकर्म में अतिथियों के रूप गणित विभाग के विभागाध्यक्ष एम एफखान , गणित विभाग सहा.प्रा. व आई क्यू ए सी अध्यक्ष सु शैल शर्मा, समाजकार्य विभाग के अतिथि प्रा. शोभित साहू उपस्थित थे। साथ ही समाजकार्य के समस्त छात्रा छात्राएं उपस्थित थे।

## दल्ली राजहरा वार्ड 26 रेलवे अस्पताल में राष्ट्रीय टीकाकरण का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड नंबर 26 रेलवे अस्पताल में पोलियो उन्मूलन के अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का आयोजन किया गया । जिसका वार्ड पार्षद टी. ज्योति द्वारा शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर शुभारंभ किया गया । इस दौरान मुख्य रूप से चिकित्सा सुपरवाइजर रेखू राम साहू , करुणा सोमकुवर, संजय यादव, मितानिन ललिता साहू व समस्त वार्ड वासी उपस्थित थे। टी. ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि पोलियो उन्मूलन अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का आयोजन राज्य में तीन मार्च से 5 मार्च 2024 तक किया जाएगा अभियान के पहले दिन बूथ के माध्यम से तथा दूसरे एवं दूसरे दिन घर घर भ्रमण कर जीरो से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए डिप्टी सीएम अरुण साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक व जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने के दिए निर्देश। राज्य टीकाकरण अधिकारी डाक्टर सी. आर. भगत ने बताया कि अभियान के लिए वैक्सीन तथा अन्य आवश्यक सामग्री जिलों में उपलब्ध करा दी गई है। प्रदेश में शहरी भाग ग्रामीण क्षेत्रों को इस वर्ष 14000 से अधिक बूथ के माध्यम से कुल 36 लाख 13 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान ट्रांसिट दल के द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेला स्थल आदि को विशेष रूप से फोकस किया जाएगा।

# सत साहेब संत रामपाल जी महाराज के सत्संग का श्रवण किया



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भक्त ो को निःशुल्क भंडारा का आयोजन कराने वाले संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में दिनांक 03/03/2024 दिन रविवार को एलईडी के माध्यम से विशाल जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन सतनाम भवन दुर्ग में किया गया जिसमें दुर्ग जिला के अलावा अन्य क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुगण ने सत्संग का श्रवण किया । सत्संग की आधी घड़ी तप के वर्ष हजार तो भी बराबर है नहीं कहे कबीर विचार अर्थात हमारी सत्संग की आधी घड़ी हजारों तप से भी बढ़कर है क्योंकि सत्संग से आत्मा निर्मल होती है संत रामपाल जी ने सत्संग के माध्यम से बतलाया है कि जो मानव जीवन हमें प्राप्त है वह केवल मोक्ष प्राप्ति के लिए है आज के इस आधुनिक युग में मानव का जीवन माया के चक्क र में इतना लिप्त हो गया है कि सही गलत की दिशा भूल चुका है और इसी सही दिशा को सत्संगों के माध्यम से बताया जाता है कि मानव जीवन अनमोल है भक्ति सभी करते हैं पर भक्ति क्या है? कोई जानने की कोशिश ही नहीं करता हमारे सभी सदग्रंथ जैसे गीता, भागवत, वेद, पुराण, कुरान, बाइबिल, गुरुग्रंथ आदि उस पूर्ण ब्रह्म परमात्मा की महिमा गाते हैं जिसका आज तक किसी को पता ही नहीं है । यही कारण है कि आज का मानव समाज दुखी है और सुख की कामना के लिए विभिन्न प्रकार के विकारों से लिप्त हुआ माया के लिए चोरी, ठगी, नशा, भ्रष्टाचार जैसे कर्म कर रहे हैं । संत रामपाल जी के शिष्य इन विकारों से कोसों दूर है, और यही संदेश संत रामपाल जी शास्त्रों के आधार पर देते हैं कि मानव जन्म पाकर जो रटे नहीं हरि नाम जैसे कुआं जल बिना फिर बनवाया किस काम, इन मंगल प्रवचनों से ही मानव जीवन को उद्देश्य का पता चलता है कि मानव जीवन सद भक्ति व मोक्ष प्राप्ति के लिए है । विभिन्न प्रकार की कुरीतियों, आडंबर, पाखंडवाद से कैसे बचा जा सकता है यह सब अनमोल सत्संग के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को बतलाया गया । उक्त जानकारी देते हुए जिला सेवादार जोगेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि सत्संग का आयोजन संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा किया गया जिसमें जिला सेवादार, ब्लॉक सेवादार, क्षेत्रीय सेवादार और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक जन उपस्थित थे ।

# देवलाल ठाकुर ने ली महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए शुरू किए गए महतारी वंदन योजना के तहत किये जा रहे आवेदन, आधार लिंक की जानकारी लेने, तथा सभी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा आवेदन किया गया है या नहीं इसकी जानकारी ग्राम साल्हे में ली गयी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की गारंटी बताते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर द्वारा कहा गया कि सब को लाभ मिलेगा। इस जानकारी भरे दौरे में डौंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमेश साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, महामंत्री अजय चौहान, दुलेश्वरी टेकाम,ज्ञानेश्वर साहू, दीना मानिकपुरी,बसंती साहू, उपस्थित थे।

## शिवसेना द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाऊ राम चौहान ने बताया कि जिला बेमेतरा नवागढ़ विधानसभा व ब्लॉक स्तरों पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित कृषकों व अन्य कृषकों से नवागढ़ ब्लाक के पटवारी , व कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारियों के द्वारा ?500 से लेकर ?1000 तक प्रत्येक बीमित कृषक व अन्य कृषक से अवैध वसूली किया जा रहा है जिसकी शिकायत लगातार मिलते रहा आगे चौहान ने बताया कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ऐसे कई गांव में जिसमें ग्राम कामता, धनौरा, लालपुर, ढनढनी, हरमूड़ी, कवराकापा, बोड़तरा, के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्लैंप राशि दिलवाने के नाम पर ग्राम के कुछ व्यक्तियों को कमीशन व लालच देकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व हल्का पटवारीयो के द्वारा सूचीबद्ध तरीके से घर-घर जाकर प्रति एकड़ ?500 से लेकर ?1000 तक की राशि वसूली कराया गया है उक्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व पटवारी के द्वारा फसल बीमा के नाम से वसूली कराया गया है जिसकी शिकायत छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान ने जिला प्रशासन कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग किया गया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित कृषकों से अवैध उगाही के संबंध में जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है ।

# इतना दुस्साहस, कार्यवाही के बाद फिर से पोड़ खदान में उतार दी चैन माउंटेन मशीन

## रेत के अवैध खनन की तैयारी, भाजपा जिलाध्यक्ष बोले: अवैध काम नही किया जाएगा बर्दाश्त, ये मोदी की गांरटी है

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



सरकार बदल गई, अब छत्तीसगढ़ में मोदी की गांरटी वाली भाजपा सरकार काबिज है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जबसे प्रदेश की कमान संभाली है तब से अवैध कार्यो में संलिप्त और भ्रष्टाचारी भूमिगत होने लगे है। विष्णु देव साय सरकार बनते ही अवैध कामो में बुलडोजर चलने लगे हैं। प्रदेश में जहां देखो धड़ाधड़ कार्यवाही हो रही हैं। लेकिन बालोद जिले में खनिज माफ़ियाओं को किसी बात का डर भय नही रहा। न ही शासन का और न ही प्रशासन का। कार्यवाही का खौफखनिज माफ़िया में देखने नहीं मिल रहा है। जिसका ताजा उदाहरण सामने आया है कि कुछ दिनों पहले बालोद जिले का दूसरा बहुचर्चित पोड़ रेत खदान में रात को चोरी छिपे रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए राजस्व एवं पुलिस अमले ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए रेत से भरी दो हाइवा और एक चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने प्रकरण को खनिज विभाग को सौंप दिया था। खनिज विभाग ने सिर्फ 53 हजार की पेनाल्टी लगाकर उक्त तीनों वाहनों को छोड़ दिया था। लेकिन रविवार को जानकारी मिली है कि फिर से उसी ठेकेदार के द्वारा पोड़ रेत खदान में चैन माउंटेन मशीन उतार दी गई है और रेत के अवैध उत्खनन करने की तैयारी की जा रही है। हाइवा के आने जाने के रास्ता बनाया जा रहा हैं। इससे यह साफपता चलता है की ऐसे खनिज माफ़िया को शासन प्रशासन का किसी भी प्रकार का भय नहीं रहा।

**सिर्फ53 हजार की पेनाल्टी**

उल्लेखनीय हो कि बीते 31 जनवरी की रात करीबन 11 बजे गुरुर तहसीलदार हनुमंत सिंह श्याम के नेतृत्व में पुरुर की पुलिस टीम ने राजस्व विभाग के साथ सयुंक्त कार्यवाही करते हुए रेत का अवैध खनन करने पर 1 चैन माउंटेन मशीन और 2 रेत से भरी हाइवा को जब्त किया था। वही वाहनों को जब्त कर के प्रकरण को जिला खनिज विभाग को भेज दिया गया था। रात 11 बजे से शुरू हुई कार्यवाही 3 बजे तक चली थी। खनिज विभाग ने चालानी कार्यवाही करते हुए जब्त किए गए रेत से भरी दोनों हाइवा और एक चैंन माउंटेन मशीन पर सिर्फ53 हजार की पेनाल्टी लगाई हैं। जिसकी भी चर्चा आम है। की सिर्फ53 हजार की पेनाल्टी लगाकर कैसे चैन माउंटेन मशीन और दोनों हाइवा को छोड़ दिया। मामले में खनिज विभाग में बैठे जिम्मेदारो से ठेकेदार की लेनदेन की चर्चा भी हैं। कि सेटिंग के तहत कम पेनाल्टी लगाकर चालानी कार्यवाही की गई हैं।

**15 लाख में ठेका**

बता दे कि ग्राम पोड़ रेत खदान के संचालन और उसकी नीलामी के लिए ग्रामीणों ने बैठक आयोजित की थी। जिसमें गांव से सभी प्रमुख लोग मौजूद थे। जहां 15 लाख 25 हजार रुपये में बरसात तक रेत का खदान संचालन करने के लिए ठेका ग्रामीणो में सम्बंधित खनिज माफ़िया को दिया था। मामले में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव व ग्राम पटेल की भूमिका संदिग्ध हैं। सारे नियम कायदों को ताक पर रख ग्राम में बैठक बुलाकर किस तरह रेत खदान का संचालन करने के लिए अनुमति दे दी गई।

प्रशासन का किसी भी प्रकार का भय नहीं रहा किसी भी प्रकार से अवैध रूप से रेत खदान का संचालन नही होने दिया जाएगा, अगर किसी को पीएम आवास के लिए रेत की आवश्यकता है तो ठीक है, लेकिन अगर कोई रेत का अवैध व्यापार करने के उद्देश्य से मशीन से रेत बेजा दोहन करेगा, ये बर्दाश्त नही किया जाएगा। जिले में अवैध रूप से संचालित रेत खदानों में खनिज विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए, कलेक्टर से इस विषय मे बात की जाएगी और जिले के प्रभारी मंत्री को भी मामले से अवगत कराया जाएगा।

**पवन साहू, जिलाध्यक्ष, भाजपा**

## एसपी एवं सीईओ जिला पंचायत ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरुवात

# सबको करें जागरूक, कोई भी बच्चा ना छूटे पोलियो की दवा खुराक से-एसपी दिव्यांग पटेल

### 0-5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा खुराक पिलाने की अपील

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com









पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में बच्चों को पोलियों दवा की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान की शुभारंभ की।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह आप जागरूक होकर बच्चों को पोलियों की ड्रॉप पिलाने पहुंचे है, इसी प्रकार अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। कोई भी बच्चा पोलियों की ड्रॉप लेने से नही छूटना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मी हमारे स्वास्थ्य के लिए कार्य करते है, तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनका सहयोग करें। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने भी बच्चों को पोलियों की दवा की ड्रॉप पिलाने की अपील की। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने पल्स पोलियो अभियान के संबंध के विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पार्षद नीलम रज्जू संजय, डबल्यूएचओ डॉ. प्रशांत, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गांधीनगर डॉ.जी.एस. पैकरा, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। 1303 बूथ के माध्यम से 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक जिले में तीन दिवसीय अभियान तहत शून्य से 0-5 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी जायेगी। जिसके लिए 1303 बूथ बनाया गया है, साथ ही 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला बाजार स्थल एवं 25 मोबाईल दल, जिसमें कुल 2730 सदस्य एवं 283 पर्यवेक्षक पल्स पोलियों अभियान में शामिल है। पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर पोलियो की दवा पिलाई गई। इसी प्रकार 04 तथा 05 मार्च को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी जाएगी।

# विधायक बनाने कन्हैया की किस्मत खटखटा रही दरवाजा रायपुर दक्षिण विधानसभा के हो सकते हैं उप चुनाव

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



आने वाले महीनो में छत्तीसगढ़ प्रदेश की रायपुर दक्षिण विधानसभा के उप चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है, इसका प्रमुख कारण 2 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में वर्तमान रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, तथा बृजमोहन अग्रवाल आठ बार विधानसभा के विधायक रह चुके हैं तथा उनकी वरिष्ठता को देखते हुए भाजपा केंद्रीय राजनीति में उनका उपयोग करना चाहती है, एवं आगामी लोकसभा के चुनाव में जिस तरह से पूरे देश में मोदी लहर चलने की संभावना है, तो वहीं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भी बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सीट खाली होगी, तथा इस सीट पर कांग्रेस पार्टी से साल 2018 में कन्हैया अग्रवाल रायपुर ने चुनाव लड़ा था, किंतु कन्हैया अग्रवाल महज कुछ हजार वोटो से ही पीछे रह गए थे, तथा उन्होंने 2018 से 2023 तक रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जमकर मेहनत की, किंतु कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट न देकर महंत रामसुंदरदास को टिकट दे दिया तथा महंत राम सुंदर दास बतौर कांग्रेस प्रत्याशी रिकॉर्ड वोटो से हार गए तथा उन्होंने हारने के बाद कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से ही इस्तीफा दे दिया तथा रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक वोटो से जीत दर्ज की, किंतु अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को फिर से अपने योग्य विधायक की तलाश जारी हो गई है, तथा क्षेत्र के मतदाताओं का अब कहना है कि अब हम हमारे सुख-दुख में सदैव साथ रहने वाले कन्हैया अग्रवाल को ही विधायक बनायगे एवं भले ही कांग्रेस पार्टी उन्हें टिकट न दे, किंतु कन्हैया अग्रवाल को हम आग्रह कर उन्हें निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए अपनी गारंटी के दम पर उन्हें तैयार करेंगे, वहीं कन्हैया अग्रवाल भी 2 मार्च को रायपुर लोकसभा के उम्मीदवारों की घोषणा होने के बाद फिर से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की जनता तथा मतदाताओं के प्रति अपने दशकों से चले आ रहे संबंध को और प्रगाढ़ बनाने के लिए चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं, तथा राजनीतिक सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि दिसंबर माह में छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें भाजपा प्रवेश करने का ऑफर भी किया गया था, किंतु कन्हैया अग्रवाल ऐसे किसी भी प्रवेश संबंधी बातों पर चुप्पी साधे हुए थे, किंतु इन्हें इस बात की पीड़ा जरूर थी कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में साल 2023 में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जिसका खामियाजा कहीं ना कहीं कांग्रेस को भुगतना पड़ा।

# स्काई लाउन्ज रेस्टोरेंट में हुक्का पिलाने की सूचना पर जूटमिल पुलिस ने की रेड कार्रवाई

- रेस्टोरेंट से हुक्का सामग्री जप्त कर संचालक पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर जूटमिल पुलिस द्वारा मादक पदार्थों पर कार्यवाही के क्रम में कल रात (01 मार्च) को कबीर चौंक स्थित स्काई लाउन्ज रेस्टोरेंट में संचालक द्वारा ग्राहकों को हुक्का मुहैया कराने की सूचना पर सीएसपी आकाश शुक्ला के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम जब छापेमारी के लिए स्काई लाउन्ज रेस्टोरेंट पहुंची तो वहां सिगरेट, तम्बाकु उत्पाद की तीव्र गंध के साथ हुक्का पीलाते एक व्यक्ति मिला, पूछताछ करने पर व्यक्ति रेस्टोरेंट का संचालक विवेक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी लालटंकी दानीपारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया। जिसे रेस्टोरेंट पर हुक्का पिलाने के संबंध पुलिस की नोटिस पर संचालक हुक्का बार चलाने कोई लाइसेंस व वैद्य कागजात नहीं दिखा पाया जिस पर पुलिस टीम द्वारा मौके से (1) हुक्का पिलाने के उपयोग में लाई जाने वाली तीन नग पॉट पाईप लगा हुआ (2) तीन अलग अलग फ्लेवर करीब 1-1 किलो (3) एक प्लास्टिक छन्नीव को जप्त कर थाने लाया गया । संचालक विवेक अग्रवाल पर थाना जूटमिल में कोटपा एक्ट 2023 की धारा 21(क), 4(क) के तहत कार्यवाही किया गया है । कार्रवाई में सीएसपी आकाश शुक्ला के हमराह थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, उप निरीक्षक अमृत लाल साहू, प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, महिला प्रधान आरक्षक रेखा नागरे, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ और शशिभूषण साहू शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म मांग सजा दे सजना के कलाकार पहुंचे शक्ति

### सक्ति में हाउसफुल चल रही फिल्म, चेतन शर्मा ने निभाया है अहम किरदार

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति अंचल के युवा कलाकार चेतन शर्मा के अहम किरदार वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म मांग सजा दे सजना 1 मार्च से छत्तीसगढ़ के 11 शहरों में प्रदर्शित हो गई है,तथा इस फिल्म को लेकर जहां दर्शक इसे बेहद पसंद कर रहे हैं, तो वहीं 3 मार्च को शक्ति शहर के स्टेशन रोड स्थित कृष्णा मेट्रो में इस फिल्म के डायरेक्टर सहित सभी कलाकार पहुंचे तथा फिल्म के कलाकारों ने एक भेंटवार्ता में बताया कि छत्तीसगढ़ में फिल्मों को प्रोत्साहित करने शासन को और सहयोग करना चाहिए तथा जिस तरह से अन्य राज्यों में क्षेत्रीय फिल्मों को दर्शक तवज्जो देते हैं तथा वहां की सरकारे उसे महत्व देती है किंतु छत्तीसगढ़ में ऐसा कुछ नजर नहीं आता यहां सरकारों ने केवल छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम का गठन जरूर कर दिया है किंतु इस निगम पर सरकार फूटी कौड़ी खर्च नहीं कर रही है, जिसे यहां के कलाकारों को जो मंच मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है,कलाकारों ने कहा की फिल्म मांग सजा दे सजना एक बहुत ही सुंदर परिवारिक तथा राष्ट्रीय ज्वलंत विषयों पर आधारित फिल्म है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं, एवं इस फिल्म में जहां ग्रामीण परिवेश की आम दिनचर्या से लेकर कन्या भ्रूण हत्या एवं विभिन्न विषयों पर जीवंत प्रदर्शन इस फिल्म में किया गया है, तो वहीं इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक काफी भावुक भी हैं शक्ति शहर में एक मार्च को जब यह फिल्म प्रदर्शित हुई तब से लेकर यह फिल्म हाउसफुल चल रही है, तथा इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले शक्ति के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार के चेतन शर्मा ने भी कहा कि उन्होंने पहले भी अनेकों फिल्मों में अपना किरदार निभाया है।

तथा इस फिल्म में उनका किरदार एक अहम स्थान पर है, जिससे दर्शक बेहद प्रतिसाद दे रहे हैं, चेतन शर्मा ने कहा कि आज इस फिल्म को लेकर दर्शक जितने उत्साहित हैं उससे ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में यह फिल्म सुपरहिट होगी, वही चेतन शर्मा ने भी छत्तीसगढ़ के समस्त फिल्मी दर्शकों से भी आग्रह किया है कि वे यहां की स्थानीय फिल्मों को तवज्जो दें एवं छत्तीसगढ़ की स्थानीय स्तर पर बनने वाली फिल्मों में हर एक किरदार की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# चेम्बर के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से सौजन्य मुलाकात कर की यातायात विषय पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास, पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल, प्रदीप श्रृंगी, सूरज अग्रवाल, नवीन खजांची, हीरा मोटवानी, ललित बोंदिया सहित चेम्बर एक्शन कमेटी के सदस्य गण आदि ने रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक से सौजन्य मुलाकात की व रायगढ़ के यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के विषय पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने बताया कि भीड़ की स्थिति में रायगढ़ की यातायात व्यवस्था थोड़ी गड़बड़ हो जाती है, जिसमें सुधार हेतु चेम्बर के पदाधिकारियों और एक्शन कमेटी के सदस्यों ने रायगढ़ पुलिस अधीक्षक को कई सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि अधीक्षक महोदय ने सभी के सुझावों को बड़े संजीदा ढंग से सुना और उन्होंने चेम्बर के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को आश्वस्त किया कि हमारे द्वारा प्रयास किया जा रहा है, जिसका परिणाम कुछ दिनों में देखने को मिलेगा। नगर के कुछ सड़कों के निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है, जिसके बन जाने के बाद यातायात व्यवस्था और अधिक व्यवस्थित हो जाएगी। सुशील रामदास आगे बताया कि यातायात व्यवस्था का प्रभाव चूंकि व्यापार पर भी पड़ता है। इसलिए स्थानीय स्तर पर हमारा प्रयास है कि नगर के व्यापारी बंधुओं और आम जन की समस्याओं का निराकरण हो।

# लोरमी एसडीएम को शिकायत दर्ज की अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक के द्वारा नकल कराया गया, जांच की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



1 मार्च से 10वीं 12वीं के बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं जिसके तहत मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में भी हजारों छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रही है इसी दौरान लोरमी विधानसभा के राम्हेपुर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं और 10वीं बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया गया है जहां पर कल 12वीं का हिंदी विषय का परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राएं शामिल हुई। वहीं के राम्हेपुर केंद्र में निजी स्कूल की छात्रा दीपिका जायसवाल भी परीक्षा में शामिल हुई थी जिसके द्वारा परीक्षा के बाद लोरमी एसडीएम को शिकायत दर्ज कराई गई की स्कूल के केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक के द्वारा नकल कराया जा रहा है जिसकी जांच कराई जाए। शिकायत के बाद आज राम्हेपुर हायर सेकेंडरी स्कूल केंद्र में संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग एवं मुंगेली जिला शिक्षा अधिकारी सहित आधा दर्जन से अधिक अधिकारी जांच करने पहुंचे जहां पर परीक्षा केंद्र में लगाए गए शिक्षकों सहित परीक्षा दिलाने पहुंचे छात्र-छात्राओं का बयान लिया गया। वहीं इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हमारे द्वारा जांच किया गया है जिस पर यह बात सामने आई है कि राम्हेपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के जो शिक्षक हैं उनमें आपस में समन्वय नहीं होने के कारण इस तरह की बातें सामने आ रही है जिस पर आगामी परीक्षा में वर्तमान में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है उन्हें तत्काल हटाया जा रहा है अन्य स्कूलों से परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं जिस शिक्षिका के ऊपर नकल कराने का आरोप लगा है उस शिक्षिका मरियम एक्का को भी

# महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश होंगी भाजपा की सांसद प्रत्याशी

- कमलेश जांगड़े के घर प्रत्याशी बनने पर बधाई देने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले की महिला मोर्चा की अध्यक्ष कमलेश जांगड़े को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जांजगीर-चांपा लोकसभा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित में अपना उम्मीदवार घोषित किया है,भाजपा के हाई कमान ने 2 फरवरी की देर शाम देश के 168 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिसमें जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र से कमलेश जांगड़े के नाम की घोषणा होने पर शक्ति विधानसभा क्षेत्र में हर्ष की लहर है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके गृह ग्राम मसनिया पहुंचकर उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी, तो वहीं वर्तमान में कमलेश जांगड़े भाजपा शक्ति जिले की महिला मोर्चा की अध्यक्ष है, और पूर्व में लगभग 10 वर्षों से वे भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय रूप से काम कर रही हैं, एवं पूर्व में वे ग्राम पंचायत मसनिया की दो बार सरपंच भी रह चुकी है, तथा अपनी व्यवहार कुशलता एवं सक्रियता से वे जानी जाती हैं,कमलेश जांगड़े को प्रत्याशी बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अग्रसेन चौक शक्ति में भी पटाखे फोड़कर एवं मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई तो वही उनके गृह ग्राम मसनिया में बधाई देने वालों का ताता लगा रहा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि कमलेश जांगड़े को टिकट मिलना शक्ति जिले के लिए भी गौरव की बात है, तथा पहली बार जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में शक्ति क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है,जिससे आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड वोटो से जीत मिलेगी, वहीं कमलेश जांगड़े ने भी प्रत्याशी घोषित होने पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि आज पार्टी ने उन पर जो विश्वास व्यक्त कर उम्मीदवार घोषित किया है, वे पूरी निष्ठा के साथ इस लोकसभा के चुनाव में एक-एक मतदाता तक पहुंच कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की बिष्णु देव सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों तो लोगों तक पहुंचाएंगी एवं मतदाताओं के समर्थन से वे जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड वोटो से जीत दर्ज करेंगी, वहीं कमलेश जांगड़े को प्रत्याशी घोषित करने पर सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोग उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं तथा कमलेश जांगड़े शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत मसनिया जो कि पहाड़ों से लगा हुआ है तथा शक्ति से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहां से निवास करती हैं तथा उनके ससुर शिक्षा विभाग के सेवानिवृत शिक्षक हैं तथा उनका परिवार भी एक शिक्षित एवं संस्कारिक परिवार के रूप में पूरे क्षेत्र में अपनी पहचान रखता है।

# आम लोगों की जिंदगी के इर्द गिर्द घूमती है मेरी कविताएं, बांग्ला भाषा के राष्ट्रीय कवि और साहित्यकार शुभ्र कांति कर से खास मुलाकात

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



न्याय धानी और संस्कारधानी कहे जाने वाले अपने बिलासपुर शहर में एक बांग्ला भाषी नामचीन कवि,साहित्यकार और अपने गानों को कंपोजिग करने वाले ऐसा शख्स भी निवास करता है जिनकी बांग्ला में लिखी रचनाओं को अंग्रेजी में अनुवाद कर कई पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं। पिछले चार साल से वे इस शहर में है। वर्ष 2020 में जब पूरा देश कोरोना संक्रमण से जूझ रहा था तब इनका तबादला एस ई सी एल मुख्यालय बिलासपुर में हुआ था। हम बात कर रहे हैं नामचीन कवि और साहित्यकार शुभ्रकांति कर का। उनके कुछ मित्र, जो विदेश में रहते हैं, अंग्रेजी साहित्य के प्रेमी हैं, लंबे समय से सुभ्रकांति कर की कविताओं का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद देखना चाह रहे थे ताकि उनकी कविताओं को व्यापक पाठक वर्ग मिल सके। इसी वजह से बंगला के कुछ नामचीन साहित्यकार जो बांग्ला रचनाओं को अंग्रेजी में अनुवाद करते है, ने शुभ्र क्रांति कर के कुछ रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवाने में भरपूर सहयोग दिया। सुभ्रकांति कर पहले ही बंगाली साहित्य की दुनिया में एक कवि के रूप में नाम कमा चुके हैं और उनकी संकलित कविताओं की छह किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं।इनका जन्म 5 अप्रैल, 1965 को उड़ीसा के तालचेर में साउथ बलंदा कोलियरी में हुआ था। अपने बचपन के दिन बिताने के बाद वह पश्चिम बंगाल में हिंद मोटर में बस गए।घर पर इनका पालन-पोषण कला, साहित्य, नाटक में अभिनय आदि के माहौल में हुआ। उनके पिता एक अच्छे नाटककार थे। इसके अलावा उनके पिता द्वारा लिखी गई कविताएँ विभिन्न साहित्यिक गोष्ठियों में सुनाई जाती थीं। अपने पिता की असामयिक मृत्यु के बाद, उनकी माँ के प्रोत्साहन ने उन्हें संगीत और साहित्य की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। रामकृष्ण आश्रम स्कूल में छात्रावास के दिनों के दौरान उनके द्वारा लिखी गई कविताएँ और लघु कहानियाँ मुद्रित रूप में प्रकाशित हुई। समय बीत गया लेकिन उनकी साहित्यिक गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई।इनके पुत्र अमेरिकी एंबेसी में कार्यरत है और वे भी राइटर ,डायरेक्टर है। आप एस ई सी एल मुख्यालय में लेखा विभाग में अधीक्षक के पद पर हैं । साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की नौकरी उनकी अदम्य साहित्यिक गतिविधियों या कविता और लघु कथाएँ लिखने के रास्ते में नहीं आई है। उनकी कविताएँ विभिन्न साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। उनकी कविता विभिन्न विषयों को दर्शाती है - सामाजिक, राजनीतिक, मानवतावाद में गिरावट, प्रेम और अलगाव, संघर्ष और रिश्तों में जटिलता आदि। वह समाज के गरीबों और वंचितों के बीच विकास कार्यों में लगे हुए हैं।



# आर.पी.आदित्य ने किया औचक निरीक्षण

**मुंगेली।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर आर.पी.आदित्य ने छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 के परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली का औचक निरीक्षण किया।

केन्द्राध्यक्ष डॉ.आई.पी.यादव ने बताया कि परीक्षा के दौरान 10वीं का हिन्दी विषय में इस केंद्र में कुल 119 में 116 परीक्षार्थी उपस्थित एवं शेष 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र मे संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था अच्छी पाई गई। इस दौरान उन्होने शाला स्थित रसायन प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, एम.डी.एम. हॉल, ग्रंथालय सहित संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभागों के कक्षाओं का निरीक्षण किया।

### राजनैतिक,सामाजिक,शैक्षणिक दृष्टि से समाज को कमजोर करने की सरकार पर साजिश का आरोप

# कूर्मी समाज ने क्वांटी फायबल डाटा आयोग की जाति जनगणना रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





क्वांटीफायबल डाटा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के पिछड़े वर्ग की जाति जनगणना रिपोर्ट लीक होने और कूर्मि समाज की जनसंख्या को कम व पांचवे नम्बर में दर्ज किए जाने पर कुर्मि क्षत्रीय सेवा समिति बिलासपुर ने आपत्ति दर्ज कराई है। रविवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए समाज के पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक सियाराम कौशिक,रमेश कौशिक, डॉक्टर अरुण सिंगरौल सहित समाज के अन्य लोगों ने क्वांटी फायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट को सरकार से सार्वजनिक किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवासरत् कूर्मि समाज 27 फिरको में हैं। छत्तीसगढ़ में कूर्मि समाज की आबादी लगभग 29 लाख है। जबकि छत्तीसगढ़ क्वांटी फायबल डाटा आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग की जनसंख्या जनगणना कब व कैसे की गई जिसकी जानकारी किसी को नहीं है। जबकि छत्तीसगढ़ के एक दैनिक समाचार पत्र में 17.02.2024 को समाचार प्रकाशित किया गया है।समाज का आरोप है कि क्वांटी फायनल डाटा आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग की जाति जनगणना में कूर्मि आबादी को कम बताना राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। ताकि राजनैतिक दृष्टिकोण से कूर्मि समाज को कम आंका जा सके और राजनैतिक सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर न मिले जो कूर्मि समाज को कमजोर करने की एक साजिश है। इसे लेकर कुर्मी समाज में काफी आक्रोश है।समिति ने छत्तीसगढ़ शासन से तत्काल डाटा आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है।मांग नही माने जाने पर उन्होंने प्रदेश स्तरीय आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से पत्र व्यवहार किया है। भ्रामक जानकारी को अगर सरकार सही मानती है तो स्वीकार करें और रिपोर्ट सार्वजनिक करें अन्यथा प्रकाशित खबर का मुख्यमंत्री खंडन करें। समाज के लोगों ने यह भी मांग की है कि जो आंकड़े सामने लाए जा रहे हैं वह गलत हैं उसे सुधारा जाए। समाज के प्रतिनिधित्व को कमजोर करने के लिए इस तरह जनसंख्या कम दिखाकर सरकार पर समाज ने परेशान करने का आरोप लगाया है।

# सालाना उर्स दिन धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली शहर में स्थित शहंशाह ए मुंगेली हजरत अब्दुल्लाह शाह रह. अलै. का सालाना उर्स दिन शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । इस उर्स के मौके पर शहर के अलग-अलग चैक चैराहे मोहल्ले से संदल चादर निकालकर दरगाह में पेश की गई। संदल चादर बड़े ही धूम धाम से बड़े बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए नगर के विभिन्न चैक चैराहा पर आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए निकली गई। जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोग शामिल होकर इस उर्स पाक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए । मुंगेली दाऊपारा से दो चादर 01 ब्रदर और 02 ब्रदर और मुंगेली शहर से पठानपारा बॉयज, हिंदू मुस्लिम एकता युवा संगठन नया बस स्टैंड, मल्हापारा बॉयज सहित अन्य जगहों से भी संदल चादर निकल गया। उसी के साथ ही मुस्लिम में यूथ विंग के द्वारा स्टेज बनाकर सभी कमेटी के उत्साह वर्धन के लिए सभी को मोमेंटो प्रदान किया। शहंशाह ए मुंगेली हजरत अब्दुल्लाह शाह रह. अलै. का सालाना उर्स मुस्लिम समुदाय के अलावा सभी समुदाय के लोग आपसी भाई चारा के साथ यह उर्स मनाया जाता है। हजरत का सालाना उर्स मुस्लिम कैलेंडर के शाबान माहत्मात 19 तारीख को मनाया जाता है।

# एस के रायपुर मैराथन में जमकर दौड़ा रायपुर

## हजारों रनर्स ने लगाई जश्न हौंसले की दौड़ दौड़कर जीता रायपुर का दिल







पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रविवार की अल सुबह साढे चार बजे रायपुर को स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने के लिए हजारों की संख्या में रायपुरवासी दौड़े। सुबह सुबह हुई बूंदाबादी ने मौसम को और खुश गवार बना दिया, स्टार्ट में जुम्बा पर मस्ती करते लोग, रास्ते में लोक कलाकार और वालंटियरस की टीम ने रनर्स में पॉजेटिव एनर्जी भरते हुए उत्साहवर्धन किया चारो तरफ मुस्कुराते चेहरे एक संकल्प खुद के साथ शहर को स्वस्थ रखने का। ये नजारा था एस के रायपुर मैराथन का जिसमें हज़ारो रनर्स ने जश्न और हौसले के साथ दौड़ लगाई। हाफ मैराथन में आई जी जोधपुर पुलिस बी एन मीणा और इनकम टैक्स कमिश्नर श्रवण मीणा कई अधिकारीयों के साथ दौड़ते नज़र आये। मेराथन में ट्रैफिक सेफ्टी अवेयरनेस को लेकर संजय शर्मा ए आई जी ट्रैफिक द्वारा म्यूजिकल नुकड़ नाटक भी किया गया। आईआईईएमआर इंस्टीटयूट ऑफइवेंट मैनेजमेंट द्वारा एस के फाईनेंस के सहयोग के साथ एस के रायपुर मैराथन का आगाज अल सुबह साढ़े चार बजे हुआ। इसके प्रारंभ में सबसे पहले हाफ मैराथन रेस का फ्लेग ऑफ हुआ। इसके बाद छह बजे दस किलोमीटर तथा सुबह सात बजे तीन किमी की रेस को हरी झंडी दिखाकर फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी, एस के फाईनेंस के सीओओ समीर अरोडा, कार्यक्रम के आयोजक मुकेश मिश्रा ने रवाना किया। महिमा चौधरी ने इस मौके पर कहा कि भाग दौड़ की इस दुनिया में फिटनेस की तरफ ध्यान देना बहुत ज़रूरी है एस के रायपुर मेराथन द्वारा रायपुर को सेहत के लिए प्रेरित रहने की शुरुआत हो चुकी है हम सबको फिट रहना ज़रूरी है। कार्यकम के आयोजक मुकेश मिश्रा ने कहा कि एस के रायपुर मेराथन का आयोजन हर साल होगा उन्होंने हज़ारों की तादाद में आये रायपुर वासियों का आभार जताया।

### यह रहे विजेता प्रतिभागी

इक्कीस किमी रन पुरूष वर्ग में आशुतोष कुमार एक घंटा 12 मिनट, ईश्वर प्रसाद सिन्हा एक घंटा 14 मिनट, असलेश कुमार एक घंटा 15 मिनट, महिला वर्ग में रुक्मणी साहू एक घंटा 3 3 मिनट, प्रियका साहू एक घंटा 46 मिनट, किरण साहू एक घंटा 58 मीनट अव्वल रहे। दस किमी रेस में निशंक चौरसिया 37 मिनट 47 सेकण्ड, करन साहू,43 मिनट एक सेकंड, ओमकार दिवाकर 43 सेकंड 48 सेकंड, महिला वर्ग में भीमेश्वरी ठाकुर 48 मिनट 6 सेकंड, बलविंदर कोर 53 मिनट 54 सेकण्ड, यामनी सिन्हा 57 मिनट 47 सेकंड अव्वल रही।

# ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य मेरी प्राथमिकताः तुकाराम चंद्रवंशी

## मानिकपुर में लाखों के विकास कार्यों जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने भूमि पूजन किया



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत विकास निधि से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 के जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के बोडला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मानिकपुर में 5 लाख रुपए के नाली निर्माण सतनामी पारा श्वेत स्तंभ से लेकर नाला तक एवं महामाया मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2.29 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का आज भूमिपूजन किया। तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य मेरी प्राथमिकता है जनता ने विश्वास के साथ क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि चुनते है उस उम्मीद पर खरा रहे है और लगातार क्षेत्र में जिला पंचायत निधि से विकास कार्यों का सौगात दे रहे है। ग्रामिणजनों ने जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी का आभार जताया। उक्त भूमिपूजन में जनपद सभापति पवन चंद्रवंशी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मन्नू चंद्रवंशी जी,सरपंच चंद्रिका धुर्वे,रामफल चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी,नंदकुमार चंद्रवंशी,नारायण यादव,मोहन यादव, तिहारी यादव ,टीकाराम साहू,रूपलाल चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी,अयोध्या चंद्रवंशी, पंचायत सचिव संतूराम साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# लगातार बढ़ रही मंहगाई के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

## मंहगाई सरकारी नियंत्रण से बाहर, लोगों का हो रहा जीना दूभर : चोवा राम

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर लगातार बढ़ रही मंहगाई के विरोध में बीते शनिवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में रैली निकाली और केन्द्र तथा राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। रैली का शुभारंभ शहर कांग्रेस कार्यालय सिग्नल चौक कवर्धा से किया गया। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी हांथों में झंडा, बैनर पोस्टर लेकर शहर की सड़कों में उतरे और केन्द्र सरकार द्वारा लगातार पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल सहित रोजमर्रा की उपयोगी आवश्यक सामग्रियों की कीमतों में की जा रही मूल्य वृद्धि को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से शहर के बाजार से खरीदी भी की और पेट्रोल पंप पहुंचकर पेट्रोल की खरीदी कर दामों को लेकर नारेबाजी की। इस अवसर पर कृषि उपज मण्डी कवर्धा के पूर्व उपाध्यक्ष चोवा साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के राज में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल सहित रोजमर्रा की उपयोगी आवश्यक सामग्रियों की कीमतें पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। ऐसे में आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। पेट्रोल के दाम बीते कई वर्षो से सौ के पार चल रहे हैं, रसोई गैस सिलैण्डर एक हजार के पार पहुंच चुका है। डीजल के दाम बढ़ने से इसका सीधा असर खेती किसानी से लेकर रोजमर्रा की उपयोगी आवश्यक सामग्रियों की कीमतों पर पड़ रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि केन्द्र की मोदी सरकार इस पर जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। साहू ने कहा कि इसी मंहगाई के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर जिला मुख्यालय कवर्धा में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से होरी राम साहू, नीलकंठ साहू चोवा राम साहू,मोहित महेश्वरी, विजय पांडे,पीतांबर वर्मा, प्रकाश अग्रवाल, रामचरण पटेल, ईश्वर शरण वैष्णव, गोपाल चंद्रवंशी, मणिकांत त्रिपाठी,गंगोत्री योगी सीमा अनंत, नारायणी, लेखा राजपूत,वाल्मीकि वर्मा,सितेश चंद्रवंशी, लोकेश वर्मा, शरद बंगाली, कृष्णा साहू, जालेश्वर यादव, सूरज वर्मा तूकेश्वर साहू आनंद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर बलौदा बाजार के कार्यकर्ताओं ने जिन में प्रमुख रूप से भाजपा नेता विजय केसरवानी अशोक जैन योगेश अग्रवाल रमेश गुप्ता शिव नरेश मिश्रा संजय श्रीवास लक्ष्मी साहू कैलाश साहू राखी यादव मनोज साहू प्रदीप साहू सविता साहू शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर बृजमोहन अग्रवाल जी को लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई देते दिखे एक दूसरे को मिठाई खिलाने एवं पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाते दिखे।

# युवक ने विद्युत टावर में फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कुम्हारी।** ग्राम रामपुर (चोरहा) वार्ड मांक 17 के प्रवीण बंजारे पिता दावेंद्र बंजारे आयु लगभग 19 वर्ष ने चौरहा नाला के समीप स्थित विद्युत टावर में विगत रविवार को प्रातः 3.30 बजे गमछे से लटककर आत्महत्या कर ली स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक ने क्यों आत्म हत्या की इसकी जानकारी नही हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 174 जा. फौ. के तहत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बुढ़ापारा मंदिर में महाराष्ट्र मंडल ने किया राम रक्षा स्त्रोत व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र मंडल के बुढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने शनिवार शाम को हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंडल के बाकी केंद्र के सदस्य संतश्री गजानन महाराज प्रकट महोत्सव के विभिन्न आयोजनों में व्यस्त रहे। आध्यात्मिक और योग समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि 9 जनवरी से प्रति शनिवार को समीपस्थ मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का अभियान बुढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने सतत् जारी रखा है। खास बात यह है कि इस अभियान को लगातार बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इसमें महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासदों के अलावा मंदिर आने वाले भक्तजन भी स्वस्फूर्त शामिल हो रहे हैं। शनिवार को बुढ़ापारा केंद्र से अपर्णा मोघे, अर्चना मोघे, अनघा करकशे, रीता लोखंडे, दीपाली बर्वे, साधना गायकवाड़, डॉ. सुहासिनी पट्टलवार, ज्योति पवार, सुचित्रा देशपांडे, कुमारी पट्टलवार, प्रीति भड़जे, सुनिता साठे, पायल साहू, सीमा नायक, लिलिमा मंडल, हिमाद्री नायक समेत अनेक महिलाओं व बच्चों ने सामूहिक राम रक्षा स्त्रोत पाठ और हनुमान चालीसा पाठ में हिस्सा लिया।

# एनएमडीसी ने 40 एमटी का लक्ष्य पार किया, 11 माह का सर्वोत्तम उत्पादन की उपलब्धि हासिल की

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने फरवरी, 2024 में अबतक के सर्वश्रेष्ठ संचयी आँकड़े प्राप्त किए। एनएमडीसी ने फरवरी, 2024 में लौह अयस्क का 3.92 मिलियन टन उत्पादन किया और 3.99 मिलियन टन की बिक्री की, जिससे वित्तवर्ष 24 के 11 महीनों में संचयी उत्पादन 40.24 मिलियन टन और संचयी बिक्री 40.48 मिलियन टन तक पहुँच गई है। एनएमडीसी का फरवरी, 2024 में बिक्री प्रदर्शन कंपनी की स्थापना के बाद से अबतक फरवरी माह का सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन है। 3.99 मिलियन टन की बिक्री फरवरी, 2023 में लौह अयस्क की बिक्री से 6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने फरवरी, 2024 तक गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संचयी उत्पादन में 13 प्रतिशत और संचयी बिक्री में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के इतिहास में अपनी अब तक की 11 महीने की अवधि की सबसे अधिक लौह अयस्क मात्र को प्राप्त करते हुए, एनएमडीसी वित्तवर्ष 24 में नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए तैयार है। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने इस प्रदर्शन के लिए अपनी टीम को बधाई देते हुए कहा, 40 मिलियन टन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी और लगातार तीन बार इस मील के पत्थर को हासिल करते हुए हम वित्तवर्ष 24 में लौह अयस्क आंकड़ों की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए तैयार हैं। एनएमडीसी के विकास का पूरी अर्थव्यवस्था में कई गुना प्रभाव पड़ता है। उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाकर, आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता को बढ़ाकर और एनएमडीसी 2.0 में परिवर्तन के द्वारा इस विकास को बढ़ाने के लिए हम स्वयं को रणनीतिक रूप से तैयार कर रहे हैं।

# धमतरी पुलिस ने राजिम कुंभ मेला में अपने पिता से अलग हुए दो बच्चों को माता,पिता एवं परिजनों से मिलाया

## महिला एवं बच्चों के सुरक्षा को लेकर धमतरी पुलिस हमेशा से रही है सजग

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com




अभी चल रहे राजिम कुंभ मेले में पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए उनकी सुरक्षा के संबंध में ड्युटी में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये गए हैं। इसी तारतम्य में धमतरी पुलिस ने कल राजिम कुंभ मेला के दौरान दो बिछडे हुए मासूम बच्चे को उसके माता एवं परिजनों से मिलाया। राजिम कुंभ मेले युवनेश देव वर्मा 03 साल एवं सिद्धि साहू 06 वर्ष के मासूम बच्चों को राजिम कुंभ मेला में भीड के दौरान भीड में कहीं छुट गये थे। जिसको धमतरी पुलिस कंट्रोल रुम राजिम ने मासूम बच्चे को रोते देखा तो उसे लेकर धमतरी पुलिस कंट्रोल रुम राजिम पहुंचे जहां गुम बच्चे युवनेश देव वर्मा एवं सिद्धि साहू से उनके माता पिता के संबंध में पूछताछ कर परिजनों की तलाश में जुट गई। आस पास पता करने पर गुम बालक एवं गुम बालिका के परिजन के बारे में पता करने पर उनके परिजन के बारे में पता चला जिन्हें संपर्क कर धमतरी पुलिस कंट्रोल रुम राजिम बुलाया गया एवं परिजनों द्वारा गुमशुदा बालक का पहचान किया गया। जिन्हें गुम बालक युवनेश देव को उसके पिता विशु देव पिता आत्मा राम वर्मा आनंदम विहार कॉलोनी मुजगहन, थाना मुजगहन जिला रायपुर को सुपुर्द में दिया गया। जिसे देख कर खुशी में रो पडे। वहीं गुम बालिका सिद्धि साहू पिता तुकाराम साहू एवं उनकी माता साकिन सेमरिया को उनकी बालिका सिद्धि साहू को सुपुर्द किया गया। गुम बालक युवनेश देव एवं बालिका सिद्धि साहू को उनके माताए पिता को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# सीग्राम के रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का सीज़न 2 संगीतकार अरमान मलिक, डिनो जेम्स, निखिता गांधी और अली मर्चेंट के साथ इंदौर, मध्य प्रदेश में एक शानदार ऑन-ग्राउंड अनुभव से शुरू हुआ

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीग्राम के रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का सीज़न 2 संगीतकार अरमान मलिक, डिनो जेम्स, निखिता गांधी और अली मर्चेंट के साथ इंदौर, मध्य प्रदेश में एक शानदार ऑन-ग्राउंड अनुभव से शुरू हुआ। इस साल युवा जोश से भरे चार शहरों की यात्रा करते हुए, सीग्राम का रॉयल स्टैग अनुभवात्मक म्यूजिक फेस्टिवल, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स - द ओरिजिनल साउंड ऑफ जनरेशन लार्ज वापस ला रहा है, जो संगीत की विभिन्न शैलियों - बॉलीवुड मेलोडी और हिप-हॉप को एक साथ पेश कर रहा है। इस प्लेटफ़ॉर्म का दूसरा सीजन मध्य प्रदेश के इंदौर से शुरू हुआ। 3 मार्च, 2024: 'लिविंग इट लार्ज' की भावना के साथ सीग्राम का रॉयल स्टैग अपनी तरह के ख़ास म्यूजिक फेस्टिवल, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का दूसरा संस्करण पेश कर रहा है, जिसमें बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा धुनों और हिप-हॉप का बेहतरीन मिश्रण है। इस साल इस म्यूजिकल अनुभव के पहले ऑन-ग्राउंड अनुभव का आयोजन 2 मार्च, 2024 को इंदौर, मध्य प्रदेश में हुआ। यह शहर तब जीवंत हो उठा, जब रॉयल स्टैग बूमबॉक्स में संगीत उद्योग के विपरीत ध्रुव एक नया संगीत, एक नया साउंडस्केप बनाने के लिए एक साथ आए। लगभग 10,000 उत्साहित दर्शकों के साथ इंदौर में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स की युवा ऊर्जा की लहर दौड़ गई। आयोजन स्थल (वेल्वेट गार्डन) जीवंत रंगों और ध्वनियों से जगमगा रहा था। आगंतुकों को एक ही छत के नीचे संस्कृति, व्यापार, भोजन और अनेक इंटरैक्टिव अनुभवों का आनंद मिल रहा था। यह अवसर स्पष्ट रूप से युवा माहौल में डूबा हुआ था, जो इस शहर की जीवंत भावना को प्रतिध्वनित कर रहा था, और एक साल पहले शहर में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के पहले ऑन-ग्राउंड अनुभव की यादें ताजा कर रहा था। इस शाम का समाँ मुख्य कार्यक्रमों के साथ अनेक आकर्षक प्रदर्शनों ने बांध दिया, जिनमें स्थानीय बैंड, डांसर, फ़्लिपर्स और बीटबॉक्सर्स के प्रदर्शन शामिल थे।

# आईआईएफएल फाईनेंस के 'लेडीज़ फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला में महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय 'लेडीज़ फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च, 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं। आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता है, और यह गोल्ड लोन फाईनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है। यह अभियान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आस-पास की अवधि में चलाया जा रहा है।

# जिले के तीन स्कूलों ने कराया न्यौता भोज



**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप जिले में स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन वितरित करने लगातार विभिन्न संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अपने जन्म दिन, विशेष दिवस के अवसर पर 'न्यौता भोज' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन भारतीय जैन संघटना महिला शाखा की अध्यक्ष वंदना चौरडिया द्वारा स्कूलों में फल वितरण किया गया। उन्होंने बेटे चिराग जैन के एमबीबीएस की परीक्षा पूर्ण करने की खुशी में धमतरी शहर के तीन स्कूलों में फल का वितरण किया।

# पल्स पोलियो के खिलाफ भारत की जंग में विकास खंड पंडरिया ने पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर किया योगदान

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारत ने पल्स पोलियो के खिलाफ अपने लड़ाई में नई ऊर्जा और संकल्प दिखाया है। देश ने पिछले दशक में बड़े प्रगति की है, लेकिन अभी भी कुछ चुनौतियां हैं जिसे भारत प्रत्येक वर्ष पोलियो के खिला टीकाकरण सत्र चलाकर चुनौतीयों का सामना करना रहा है। इसी के अंतर्गत विकास खंड पंडरिया में पोलियो को हराने के लिए 3 मार्च 2024 को भारत सरकार द्वारा निर्देशित टीकाकरण सत्र चलाया गया। इसी सम्बन्ध में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनामिका पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो एक अभिशाप है जो बच्चों को लकवा जैसे दूसपरिणामों से जूझने का खतरा बनाए रखता है। भारत ने पिछले दशक में इस बीमारी के खिलाफ काफी प्रगति की है, लेकिन अभी भी कुछ क्षेत्र हैं जहां यह मामला चुनौतीपूर्ण है। इन क्षेत्रों में बच्चों के टीकाकरण की दर में गिरावट हो सकती है, जिससे बीमारी का फैलाव बढ़ सकता है। इस लिए इस अभियान के तहत 2 बून्द हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार की थीम पर पूरे क्षेत्र में पोलियो टीकाकरण का बूथ लगाकर 0-5 वर्षो के बच्चो को ओरल पोलियो ड्राप पिलाया गया, और अभियान का सुपरविजन की आवश्यकता को देखते हुए विकास खंड स्तर पर टीम बनाकर इस कार्यक्रम का निरिक्षण एवं सुपरविजन किया गया जिसमे एक टीम में खंड चिकित्सा अधिकारी टीम द्वारा पंडरिया के 61 प्रतिशत क्षेत्र को कवर करने वाले वानंचल एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र का पल्स पोलियो के अभियान का निरिक्षण किया गया एवं इस कड़ी में मैदानी क्षेत्र में खंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप ठाकुर के साथ चिरायु टीम द्वारा दौरा किया गया एवं पंडरिया के कोर वानंचल क्षेत्र में कुकदुर सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रश्नगीना साधु द्वारा सुपरविजन किया गया, खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस सन्दर्भ में बताया की पॉलियो ड्राप के साथ इसका सुपर विजन इसलिए जरुरी हो जाता है क्युकी इसे पिलाने में समय और पोलियो ड्राप के तापमान एवं इसकी को संधारित करना सही होना चाहिए इसलिए संस्था अनुसार क्षेत्र में सेक्टर सुपर वाइजर, सेक्शन स्टॉफ एवं आर एम ए द्वारा भ्रमण कर निरिक्षण किया गया। पल्स पोलियो के खिलाफ लड़ाई में सफलता के लिए, सभी सामाजिक वर्गों का सहयोग आवश्यक है। इस संघर्ष में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है, द्व क्योंकि यह सिर्फ एक व्यक्ति या सरकार का ही नहीं, बल्कि समाज का मसौदा है इसलिए बूथ में पोलियो ड्राप को बच्चो को पिलाने का शुभारम्भ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामूहिक संगठन द्वारा कराया गया। इस प्रकार पल्स पोलियो के खिलाफ इस लड़ाई में पूरे स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं जन समुदाय के प्रतिनिधि द्वारा जुट कर टीकाकरण सफल बनाया गया, इस अभियान को महत्वपूर्ण योगदान एस टी एल एस जेम्स जॉन एवं व्ही बी डी सुपरवाइजर प्रांजल बख्शी द्वारा सुपर विजन कर किया गया। पोलियो के खिलाफ जंग में विभाग के साथ समाज को साथ लेकर सामने आना होगा ताकि हम एक पोलियो मुक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
उद्घोषणा
प्र0क्र 202402091000151
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम रानीतालाब, प.ह.नं. 13, रा.नि.मंडल बापूटोला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नरेन्द्र कुमार आ. जयपाल सिंह, निवासी ग्राम बोरतालाब, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम रानीतालाब, प.ह.नं. 13, तहसील छुरिया स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 116/6 रकबा 0.538 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 04/03/2024 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 04/03/2024 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि. पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक - 17/02/2024
सुनवाई दिनांक - 04/03/2024

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव (छ0ग0)

# जीएसटी की टीम ने मारी रेड, जर्दायुक्त सितार में मिलाया जा रहा था कांच का पाउडर

## कारखाने से बड़ी मात्रा में गुटखा बनाने की मशीनें और सामग्री बरामद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





शहर से लगे ग्रामीण इलाके में अवैध और हानिकारक पदार्थों से युक्त गुटखा कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। जीएसटी टीम की छापामार कार्रवाई ने इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया है। जानकारी के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र के ग्राम बनभेड़ी में जदार्युक्त गुटखा तैयार करने का कारखाना चलाया जा रहा था जिस पर कार्रवाई की गई है। जीएसटी की टीम को दुर्ग में अवैध कारखानों के खिलाफ एक्शन के दौरान इसके लिंक मिले थे। शनिवार की रात जीएसटी की टीम ने ग्राम बनभेड़ी में चल रहे अवैध कारखाने पर दबिश दी। जिला मुख्यालय से महज 10 किमी दूर इस गांव में लंबे समय से अवैध तरीक से अमानक और हानिकारक पदार्थों से युक्त गुटखा निर्माण किया जा रहा था। इस जदार्युक्त गुटखे को सितार की पैकेजिंग में मार्केट में खपाए जाने की भी जानकारी मिली है। बनभेड़ी में डीपीएस स्कूल के पीछे बंद गोदाम में टीम की कार्रवाई में काफी कुछ सामने आया है। सीएसटी की टीम को यहां से गुटखा निर्माण और पैकेजिंग की मशीनें मिली है। यह भी बताया जा रहा है कि, छापे की खबर मिलते ही यहां स्टॉक में रखे गुटखे को जलाने की कोशिश की गई। टीम ने इसे भी बरामद किया है ऐसी खबर है। कार्यवाही के संबंध में कविता ठाकुर एसिस्टेंड कमिश्नर दुर्ग ने बताया की इनपुट के आधार पर कार्यवाही की गई है, पूरी जानकारी ऑफिस से कल बता चल पाएगी। इस कारखाने पर कार्रवाई के बाद शहर और आसपास चल रहे ऐसे दूसरे कारखानों की जानकारी भी सामने आ रही है। शहर के नंदई, उदयाचल के पास, ठेठवार पारा, दीवान पारा, गठुला, नवागांव, गोल बाजार, स्टेशन के पास आदि कई जगह पर गुटखा के गोदाम संचालित होने की खबर है।

**यह सामान मिला फैक्ट्री में** : देर रात इस कारखाने में सीएसटी की टीम की दबिश दी तो यहां से कांच का पाउडर भी बरामद हुआ। सितार गुटखा में सुपारी, तम्बाखू, कत्था, इलायची के अलावा कांच का पाउडर भी मिलाए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि ऐसा स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। जानकारी के अनुसार अवैध गुटखा की फैक्ट्री में गुटखा बनाने की मशीन, तम्बाखू की बोरियां, इलायची का छिलका, तराजू, गुटखा मिक्सर मशीन, सुपारी, कत्था और सितार के पाऊचआदि सामान फैक्ट्री में मिले है।

### व्यापारी के साथ शहर का भागीदार

इस पूरे प्रकरण में अवैध फैक्ट्री का मालिक किसी सागर को बताया जा रहा है। इसके साथ ही इसमें शहर के भी व्यापारी के भागीदार होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार शहर सहित जिलेभर में कई अवैध गुटखा की फैक्ट्री और गोदाम है। मिठी सुपारी बनाने के नाम पर अवैध गुटखा का कारोबार किया जा रहा है। अवैध गुटखा के कारोबार पर कार्रवाई करने की बजाए उसे खुला संरक्षण दिया जा रहा है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बूरा असर पड़ रहा है।

# प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने की 4 दिवसीय यात्रा



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। 4 दिवसीय भ्रमण अंतर्गत विद्यार्थियों ने अनेक धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया। भेड़ाघाट, सीहोर, उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओम्कारेश्वर व पचमढ़ी सहित अन्य स्थलों का अवलोकन किया।

इस संदर्भ में आधिकारिक जानकारी मुताबिक विभागाध्यक्ष प्रो जीके नेताम के मार्गदर्शन एवं विभाग की जनभागीदारी शिक्षिका आशा साहू के सहयोग से पहले दिन विद्यार्थियों ने भेड़ाघाट में धुंआधार जलप्रपात का भ्रमण कर संगमरमर चट्टानों के बीच मे गुजरती नर्मदा नदी के शांत और निर्मल जल में नौकाविहार का भी आनंद लिया। नदी के जल से चट्टानों में खूबसूरत प्रतिबिंब उत्पन्न होता है।

भेड़ाघाट में अंजना माता मंदिर, त्रिपुरा देवी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, 64 योगिनी मंदिर, पंचमठा शिव मंदिर आदि का दर्शन किया। दूसरे दिन विद्यार्थियों ने उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन किया। साथ ही काल भैरव मंदिर, बड़ा गणपति मंदिर, हरसिद्धि माता मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, श्री कृष्ण सुदामा बलराम विद्या स्थल का दर्शन किया और महाकाल लोक में मनोरम दृश्य का आनंद लिया।तीसरे दिन में ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन किया गया।

चौथे दिन मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित पंचमढ़ी हिल स्टेशन का भ्रमण कर हरे भरे व शांत नदी के झरने की मनोरमता देखी। वहीं जटाशंकर गुफाएं, पाण्डव गुफा, बड़ा महादेव, गुप्त महादेव, महादेव हिल, धूपगढ़, राजेन्द्र गिरी सनसेट पॉइंट, पेरासेलिंग सहित अन्य स्थानों का अवलोकन करते हुए शैक्षणिक जानकारी एकत्रित की।

# शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला चिखली पुलिस चौकी के शांतिनगर का है। प्रार्थिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राकेश रोशन टेकाम से उसकी दोस्ती वर्ष 2009 में हुई थी। दोनों के बीच संपर्क बना हुआ था और बातचीत होती थी। वर्ष 2013 में उसने सूने घर का फायदा उठाकर प्रार्थिया के घर में ही शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद लगातार वर्ष 2021 तक वह ऐसा करता रहा। इसके बाद वह शादी के वायदे से मुकर गया और एसटी/एससी एक्ट में फंसा देने एवं परिवार को नुकसान पंहुचाने की धमकी देता रहा। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 376,376 (2) (एन), 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित कर आरोपी का पतासाजी तकनीकी सहयोग और मुखबीर लगाकर किया जा रहा था।मुखबीर से आरोपी के बगीचा जशपुर में होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम बगीचा जशपुर पहुंची और वहां से उसे गिरफ्तार किया। आरोपी राकेश रोशन टेकाम (35) मूलतः जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी थाना खड़गांव क्षेत्र का निवासी है।

# इच्छाशक्ति से कार्य करते हुए जिले का विकास करें : सांसद

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



राजनांदगाव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यो को गति देने, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई, पुल-पुलिया, सड़क निर्माण, पेयजल, के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया गया।

बैठक में सांसद पाण्डेय ने कहा कि सभी अधिकारी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करते हुए जिले का विकास करने में अपना योगदान देवें। उन्होंने कहा आपको एक अवसर मिला है, इसे जनता के हित में समर्पित करते हुए विकासकार्यों को प्राथमिकता देवें। विधायक इंद्रशाह मंडावी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए क्षेत्र की समस्याओं को रखा। गंभीर रूप से बीमार बच्चों और हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए भी राशि अंतरित करने पर बैठक में चर्चा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में ट्विटर शिक्षकों की भर्ती करने, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत के लिए राशि खर्च करने पर चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनु राम चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मण्डावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अं.चौकी श्रीमती कुमारी बाई जुरेशिया, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# घरेलू सिलेंडर के उपयोग पर खाद्य विभाग की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा होटल ढाबों की जांच की गई। जांच के दौरान अ.चौकी के ग्राम सांगली के मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबा सी.जी.-32 में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया। ढाबा के संचालक श्री प्रशांत शर्मा एवं शेखर सांगोडे का बयान दर्ज किया गया। जांच के समय ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर खाना बनाया जा रहा था। जो कि अवैध पाया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से उपयोग किये जा रहे 04 नग घरेलू सिलेंडर को चूल्हा के साथ जप्त किया गया। संचालकों के द्वारा द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन करना पाया गया। नियम का उल्लंघन करने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### दिव्यांग टेकराम ने बच्चो को पिलाई पल्स पोलियो की खुराक



**छुरिया।** छुरिया विकासखंड से लगे हुए ग्राम पंचायत घोघरे के दिव्यांग युवा टेकराम सलामे ने गांव में पोलियो मुक्त अभियान में बच्चों को आंगनवाड़ी तक ले जाकर स्वयं पल्स पोलियों का ड्रॉप पिलाया। टेकराम के इस कार्य से गांव मे दिनभर चर्चा बनी रही। टेकराम सलामे से पूछने पर बताया उसने कि कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवी तक आम बच्चों की तरह खेल कूद और चल सकता था। कक्षा छटवी से लेकर आठवीं तक डंडा पकड़कर चला उसके बाद कक्षा नवमी में उसका ऑपरेशन कराया गया। अभी वह शारीरिक रूप से 85 प्रतिशत दिव्यांग है जो अपने हाथों से लिख नहीं सकता।

# स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाने की तैयारी, रीडर इसके खिलाफ

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रीडरों के हड़ताल में जाने के बाद मीटर रीडिंग में ब्रेक लग गया है। कंपनी के अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं कर पाए हैं। यहीं कारण है कि अब तक मीटरों की रीडिंग शुरू नहीं हो पाई है। जिले में दो चरणों में मीटर की रीडिंग होती है। एक से पांच और छह से 15 के बीच मीटरों की रीडिंग होती है। समय पर रीडिंग व भुगतान नहीं होने पर कंपनी को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ सकता है। कंपनी के अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था करने का दावा कर स रहे हैं, लेकिन रीडिंग शुरू नहीं हो पाई है। राजनांदगांव संभाग में करीब एक लाख से अधिक कनेक्शनधारी हैं। गौरतलब है कि तीन चरणों में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाने की तैयारी है। बता दें कि जिले के अलग-अलग सरकारी विभागों में बिजली का करोड़ों रुपये बकाया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर जीनस कंपनी को मिला है। कंपनी सर्वे के माध्यम से आंकड़ा जुटा रही है कि कितने घरों के अंदर मीटर लगा हुआ है। नये प्रीपेड स्मार्ट मीटर को घर के बाहर लगाया जाएगा। स्थानीय स्तर पर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। अगले माह से स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो जाएगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद रीडर बेरोजगार हो जाएंगे।

# रविवार को जांच के लिए बैंक पहुंचे कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज बैंकों में महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार सीडिंग एवं डीबीटी कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर अग्रवाल ने महिलाओं हितग्राहियों के बैंक खाते से आधार सीडिंग के कार्य को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैंकर्स को 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष काउन्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराने कहा।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला, तलाकशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए उनके आधार लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। बैंकों के माध्यम से इस कार्य को 5 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। जिसके लिए जिले के सभी बैंक शाखाओं को केवल महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु बैंकों में विशेष काउन्टर की व्यवस्था चालू रखने निर्देशित किया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब दुकान में एक लाख की गड़बड़ी, दुकान संचालकों पर कार्यवाही

**खैरागढ़।** आबकारी विभाग द्वारा कार्य में अनियमितता पाए जाने पर दुकान संचालकों पर कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी डीगेश देवांगन ने बताया की उपनिरीक्षक वृत्त - गंडई द्वारा उक्त शिकायत की जांच करने कम्पोजिट मदिरा दुकान (देशी) साल्हेवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मदिरा दुकान में एक लाख बारह हजार सात सौ तीस रुपए की कमी पाई गई। उन्होंने बताया की अनियमितता पाए जाने पर कार्यरत कर्मचारी सुपरवाइजर मिथलेश ध्रुव, सेल्समैन सरित यादव तथा मल्टीपर्पस वर्कर गौकरण सोनवानी से स्पष्टीकरण चाहा गया, उन तीनों कर्मचारियों द्वारा शासकीय मदिरा दुकान की विक्रय राशि के बारे में बताने में असमर्थता जाहिर किया गया तदपरान्त आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए समक्ष गवाहन पंचनामा बनाया गया। शासकीय मदिरा दुकान की राशि गबन के आरोप में उक्त कर्मचारियों को कार्य से पृथक किया जाकर मांग किया गया कि देशी मदिरा दुकान साल्हेवारा के सुचारू संचालन हेतु अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता है, जिसके आचार पर जिले में कार्यरत अन्य सुपरवाईजरों व सेल्समेन को तत्कालीन व्यवस्था के रूप में स्थानान्तरित किया गया। उक्त के संबंध में संबंधित प्लेसमेण्ट एजेंसी प्राईमवन को गबन की राशि को शासकीय कोष में जमा करने हेतु पत्रव्यवहार किया गया।

## महंगाई के खिलाफ शहर व ग्रामीण कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# महंगाई कम कर जनता को राहत दें मोदी सरकार : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दैनिक आवश्यक रोजमर्रा वस्तुओं जैसे खाद्य पदार्थ, सब्जी, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी/पीएनजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में एक दिवसीय विरोध-प्रदर्शन किया।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा तथा जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार को जयस्तंभ चैक स्थित गोल बाजार के पास प्रतिकात्मक रूप से विरोध प्रदर्शन कर जन समर्थन जुटाया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि केन्द्र में हमारी सरकार आते ही 100 दिन में महंगाई कम करेंगे, अच्छे दिन लाएंगे सपना दिखाकर महंगाई इतना बढ़ा दी कि गरीब, मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल हो गया। गैस सिलेण्डर सहित दैनिक रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ाने से लोग परेशान है। केन्द्र सरकार को होश में आना चाहिए और दैनिक वस्तुओं के दाम यथाशीघ्र कम करना चाहिए। इस दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल गैस के दामों में लगातार इजाफा कर रही है। केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। केन्द्र की मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल और असफल है इसी कारण ये कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है।

केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कांग्रेसजन हाथों में तख्तियां लिए केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए कांग्रेस भवन से निकले जो गोलबाजार, गुड़ाखू लाइन होते हुए जूनी हटरी से वापस जयस्तंभ चैक में आमसभा के साथ समापन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों द्वारा सब्जी खरीदी की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, पीसीसी महामंत्री डॉ. थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### डोंगरगढ़ में भी वंदे भारत ट्रेन का स्टापेज

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडेय ने संसदीय क्षेत्र के तीर्थ एवं धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टापेज देने स्वीकृति प्राप्त कर ली है। रेल मंत्रालय से उक्त आशय का पत्र प्राप्त करते ही सांसद पाण्डे ने इसके लिए क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं दी है। सांसद ने बताया है कि गत माह संपन्न हुए बजट सत्र के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मूलाकात कर मां बाम्लेश्वरी की धरा डोंगरगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव के लिए निरंतर निवेदन किया था। डोंगरगढ़ के उन्नयन और विकास के लिए पर्यटन विभाग से प्रसाद योजना के तहत 45 करोड़ रूपए की लागत के कार्य प्रगति पर है। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी तीर्थ के अतिरिक्त भगवान बुद्व कर तीर्थ प्रज्ञागिरि तथा आचार्य विद्यासागर जी की कर्मस्थली चंद्रगिरि तीर्थस्थल है, वंदे भारत ट्रेन क्रमांक 20825/26 के डोंगरगढ़ में ठहराव के लिए सांसद पाण्डे ने पीएम मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

# 7 को महाकाल यात्रा : अघोरी और झांझ-डमरू दल शामिल होंगे

- जबलपुर की दुलदुली घोड़ी, राऊत नृत्य, आदिवासी नृत्य भी होगा आकर्षण का केंद्र

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी महाकाल मित्र मंडल की ओर से 7 मार्च को महाकाल यात्रा निकाली जाएगी। संस्था ने यह परंपरा कायम रखी है। इस बार भी गुरुनानक चौक से 7 मार्च को 11 बजे महाकाल यात्रा निकलेगी। आयोजन समिति की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। शहर में ही आकर्षक झांकी तैयार हो रही है। यात्रा में हरियाणा के अघोरियों का दल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। अघोरी शिव की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे। शरीर पर भस्म लगाकर अघोरी क्रियाओं को प्रदर्शन करते नजर आएंगे। वहीं उज्जैन के झांझ और डमरू दल के कलाकार शानदार संगीत के माध्यम से रंग जमाएंगे। महाकाल मित्र मंडल के अध्यक्षनिखिल द्विवेदी ने बताया कि संस्था की ओर से संस्कारधानी की परंपरा को कायम रखा गया है। प्रदेश में महाकाल यात्रा की शुरुआत राजनांदगांव से की गई है। अब यहां से प्रेरणा लेकर दूसरे जिलों में भी यात्रा निकाली जा रही है। निखिल ने बताया कि यात्रा में इस बार जबलपुर की दुलदुली घोड़ी, राऊत नृत्य, आदिवासी नृत्य, गेड़ी नृत्य, करमा नृत्य की प्रस्तुति होगी। बताया कि महिलाओं के लिए यात्रा में विशेष व्यवस्था की गई है। महिलाओं की टोली बाजे-गाजे के साथ एक साथ चलेगी। यात्रा में शहर के हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत होगा। परंपरा के अनुसार जो बच्चे शिव के भेष में आएंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए प्रथम आने वाले बच्चे को 5 हजार, द्वितीय आने पर 3 और तृतीय आने वाले को 2 हजार रुपए से पुरस्कृत किया जाता है। मित्रमंडल के अध्यक्ष निखिल ने शहर के समस्तजनों को इस यात्रा में शामिल होने अपील की है।

# ग्राम ढेढ़ाधौरा के शासकीय तालाब में मिली लाश का खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बीते दिनों फास्टरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढेढ़ाधौरा के शासकीय तालाब में मिली लाश का खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महज 05 सौ रूपये के विवाद के चलते हत्या की गई। प्रार्थी योगेश कुमार जांगड़े पिता हंसराम जांगड़े ने थाना मुंगेली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता हंसराम जांगड़े 22 फरवरी को तिवरा बेचने मुंगेली गया था। जहां मृतक द्वारा सामान खरीदकर प्रार्थी एवं उसके बच्चों को देने के बाद, प्रार्थी अपने बच्चों के साथ निवास ग्राम अनंतपुर थाना फास्टरपुर वापस आ गये एवं प्रार्थी के पिता हंसराम जांगड़े मुंगेली में ही रूक गये थे, जो देर रात वापस नहीं आने पर परिजनों तथा रिश्तेदारों से पता करने पर पता नहीं चला है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में गुम इंसान दर्ज कर पता तलाश शुरू किया गया। पता तलाश के दौरान 27 फरवरी को ग्राम ढेढ़ाधौरा शासकीय तालाब में एक व्यक्ति का शव पाया गया, जिसकी सूचना पर प्रार्थी योगेश कुमार जांगड़े द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर कपड़े, फूलपेंट एवं हाथ का चूड़ा से



अपने पिता हंसराम जांगड़े के रूप में पहचान कार्यवाही की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। मृतक का शव दो-तीन दिन पुराना था, जिसके पैर को जानवरों द्वारा नोचे जाने से पैर का केवल हड्डी दिखाई दे रहा था, एवं गले में गमछे से गांठ बंधा हुआ था, तथा खून के निशान दिखाई दे रहे थे, जिस पर प्रथम दृष्टया मर्ग संदेहाष्पद प्रतीत होने से तत्काल डॉग स्क्वॉड टीम ,वं फारेंसिंक टीम को मौके पर बुलाया गया। डॉग स्कॉवड की टीम टेढाधौरा चैक के पास पहुंची जिससे मृतक को उस रास्ते से लाने के संबंध में इनपुट प्राप्त हुआ एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा जबड़े में किसी ठोस वस्तु से मारने संबंधी तथ्य बताने से वाद-विवाद एवं किसी रंजिशवश घटना करना प्रतीत हुआ। पीएम में प्राप्त रिपोर्ट अनुसार हत्या का प्रकरण होने से थाना फास्टरपुर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 23/2024 धारा 302, 201 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की त्वरित जांच कार्यवाही हेतु उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली एस.आर.धृतलहरे के नेतृत्व में पृथक-पृथक 04 टीम थाना फास्टरपुर, थाना मुंगेली, साईबर सेल, एवं विशेष टीम गठित किया गया। थाना फास्टरपुर की टीम द्वारा मृतक के परिजनों एवं मुखबिरों से सम्पर्क कर पूछताछ, वं आसपास के ग्रामीणों से सम्पर्क कर सूचना संकलन तथा मुखबिर से प्राप्त सूचना लड़ाई झगड़ा वादविवाद होने के संबंध में तस्दीक किया गया। थाना मुंगेली की टीम द्वारा संदेहियों के उपर निगाह रखने एवं संदेहियों से पूछताछ करने का कार्य किया गया, साईबर की टीम द्वारा तकनीकी एनालिसिस, कॉल डिटेल एनालिसिस, टावर डंप एनालिसिस किया गया। पूछताछ के दौरान मृतक के अंतिम बार मुंगेली में होने की जानकारी प्राप्त हुई थी, अतः विशेष टीम द्वारा मुंगेली से ग्राम चकरभाठा, टेढाधौरा घटना स्थल तक लगे समस्त सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर कि मृतक हंसराम जांगड़े अंतिम बार शराब दुकान से कुछ लोगों के साथ गांव की ओर गया था, इस आधार पर सीसीटीवी में दिखाई देने वाले लोगों की पतासाजी, पहचान एवं पूछताछ की कार्यवाही प्रारंभ की गई जिसमें पतासाजी के दौरान संदेही अमरदीप उर्फदीपू बघेल एवं रितेश उर्फभोलू दोनो निवासी लछनपुर के साथ मृतक को शराब दुकान से साथ में मोटरसाईकल से जाना स्पष्ट हुआ।

# कलेक्टर ने की मनरेगा कार्यों की ली समीक्षा

## शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आवास निर्माण, महात्मा गांधी नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक नाडेप निर्माण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, सेग्रीगेशन शेड निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डार निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण पंचायत भवन निर्माण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान निर्माण, वनग्रामों में वन अधिकार पत्र धारक हितग्राहियों के भूमि विकास सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए 1960 सामुदायिक और 2500 व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा, 3864 सामुदायिक और 8254 नाडेप संरचना तथा सेग्रीगेशन शेड का निर्माण एक एक माह के भीतर



पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के निर्माण हेतु प्रस्ताव रखने के निर्देश भी दिए। मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिकों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 7608 परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया गया है। कलेक्टर ने 70 दिन से अधिक दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले सभी श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य लेकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने आधार आधारित भुगतान प्रणाली से किए जाने वाले भुगतान की समीक्षा भी की। उन्होंने समीक्षा के दौरान कुधूर तथा तुमड़ीवाल में रोजगार सहायकों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस दौरान सभी सचिवों को आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि मूलभुत सुविधाएं अनिवार्य तौर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके इसके साथ ही मतदान के दिन मतदान केन्द्रों में छांव के लिए शामियाना की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने इसके साथ ही स्कूल जतन योजना, जिला खनिज निधि न्यास तथा नीति आयोग के कार्यों की समीक्षा की और सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए दो ठेकेदारों की निविदा को निरस्त करने के निर्देश भी दि

**अपूर्ण आवासों पर सचिवों को नोटिस-** उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही गांवों में आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकानों की स्थापना तथा ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। आवास निर्माण के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए आवास निर्माण को लंबित रखने वाले सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# महान क्रांतिकारी बुधु भगत, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ किया था लरका विद्रोह

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विगत दिवस शनिवार को जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम डाड़टोली में शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह एवं उरांव समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाज के महापुरूषों के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उरांव समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस समाज ने अनेक महापुरूष दिए हैं जिनका मार्गदर्शन सभी लोगों को मिलता रहा है। आज हम जो जयंती मना रहे हैं, वे समाज गौरव महान क्रांतिकारी वीर बुधु भगत जिन्होंने ने आजादी के लड़ाई में अग्रणी भुमिका निभाई। इस महान सपुत की 17 फरवरी जयंती समारोह हम मनाते हैं।



किन्तु उक्त तिथि को मैं दिल्ली के प्रवास पर था। इस कारण आप के बीच उपस्थित नहीं हो सका। ज्ञात हो कि जनजातीय समाज से आने वाले बुधु भगत का जन्म अविभाजित बिहार अब झारखंड के रांची जिले में स्थित शिलागाई गांव में 17 फरवरी 1792 को हुआ था। उरांव जनजाति में पैदा हुए बुधु अद्भुत संगठन क्षमता थी। अमूमन 1857 को ही स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम आंदोलन माना जाता है। लेकिन, इससे पूर्व ही वीर बुधु भगत ने न सिर्फ क्रांति का शंखनाद किया था, बल्कि अपने साहस नेतृत्व क्षमता से 1832 ई. में ''लरका विद्रोह'' नामक ऐतिहासिक आंदोलन का सूत्रपात्र भी किया। बुधु भगत ने अंग्रेजों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध शुरू किया। गांव के लोगों को अंग्रेजों से युद्ध करने के लिए तैयार किया। उनकी संगठन क्षमता ऐसी थी कि लोगों ने उन्हें देवता का अवतार माना। उन्होंने सिल्ली, चोरेया, पिठौरिया, लोहरदगा और पलामू में लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ संगठित करने का कार्य किया। बुधु भगत ने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था।

# कलेक्टर ने नौनिहालों को पिलायी पोलियो की दवा कलेक्टर बोले कोई बच्चा पोलियो खुराक से न छूटे

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एमसीएच बिल्डिग पोलियो बूथ जिला चिकित्सालय बेमेतरा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पिलाई। पोलियो ड्राप अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा पोलियो खुराक से न छूटे। जिले में रविवार 3 मार्च से 5 मार्च तक चलने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक की आयु के नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायी जाना है। जिसमें शहरी क्षेत्रों में और ग्रामीण क्षेत्र में लक्ष्य रखा गया है। जिले में 95862 ज़ीरो से 5 वर्ष तक की आयु के नौनिहालों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।



कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए पूरे जिले में 793 पोलियों बूथ की स्थापना की गई है, जिसमें 2880 टीकाकर्मीयों द्वारा पोलियों की खुराक लक्ष्यित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पोलियों बूथ की स्थापना जिला मुख्यालय अंतर्गत जिला बेमेतरा नया बस स्टैण्ड, सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा के सामने, जहां आने जाने वाले यात्रीयों के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जा सके ।इसके साथ ही शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में पोलियों बूथ की स्थापना की गई है।*

# पल्स पोलियो अभियान में रविवार को जिले के 68 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 68 हजार 16 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोपाबेड़ा में कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा 5 दिन के बच्चे को पोलियो का ड्राप पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह, नोडल अधिकारी डॉ रूद्र कश्यप, बीएमओ डॉक्टर दिव्या तिवारी, बीपीएम नीरज सोरी, महामारी रोग विशेषज्ञ झम्मन वर्मा, बीईटीओ सुनीता सरकार सहित यूनिसेफसे प्रियंका वर्मा, एमआई से चंद्रजीत सिंह व बड़ी संख्या वार्डवासी और बच्चे उपस्थित रहे। पल्स पोलियो अभियान को लेकर पालकों में उत्साह दिखाई दिया और वे सुबह से ही अपने बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र व पोलियो बूथ ले जाकर बच्चों को को पोलियो की खुराक पिलाते हुए दिखाई दिए।

# जिले के विद्युत मीटर रिडरो ने 1 मार्च से 15 मार्च तक हडताल पर जाने को लेकर सौपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के विद्युत मीटर रिडरो ने 1 मार्च से 15 मार्च तक हडताल पर जाने का लेकर ज्ञापन सौपा है। दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में वितरण कंपनी के द्वारा सभी उपभोक्ताओं के परिसर में जिसकी संख्या 56 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्मार्ट मीटर लगने से हमारा रोजगार समाप्त हो जाएगा हमारे बीच में कई ऐसे भी मीटर रीडर है जो कई वर्षो से वितरण कंपनी में मीटर रीडिंग का कार्य करते आ रहे हैं जिनकी उम्र 40 के पार हो चुकी है तथा सभी का अपना घर परिवार है रोजगार समाप्त होने की दशा में हमारे परिवार के समक्ष आर्थिक तथा मानसिक समस्या की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी एक साथ इतने लोगों के बेरोजगार हो जाने से कई परिवार बर्बादी की राह पर आ जायेंगे , स्मार्ट बिलिंग एवं मीटर रीडरों जिनकी संख्या लगभग 6000 है मीटर रीडर बेरोजगार होने की कगार पर है। ज्ञापन सौपने वालो में विजय कुमार साहू, निहाल मसीह, नर्मदा प्रसाद साहू, आनंद ताम्रकार, गिरधारी साहू, बैसाखु पटेल, राशि कुमार साहू, भागीरथी सोनकर, संजय जायसवाल, रामचरण कौशिक, दुर्गेश सिह, सुभम सिंह, राजेश पाठक, दिगपाल सिंह उपस्थित रहे ।

# निशुल्क सैन्य प्रशिक्षणार्थी ने चलाया जिला कलेक्ट्रेट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय कोंडागांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विदित हो कि, पूर्व सैनिकों और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा प्रत्येक रविवार को कोंडागांव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक, केशकाल ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में आज जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिला पंचायत



कार्यालय कोंडागांव के चारों ओर बड़ी-बड़ी जंगली घासो को काटा गया और कलेक्ट्रेट परिसर के चारों ओर झाड़ू लगाकर कचरा उठाया गया। कोंडागांव जिला के पूर्व सैनिक बच्चों को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वच्छता का पाठ भी पढ़ा रहे हैं और समाज में एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरणा दे रहे हैं। स्वच्छता मिशन में मेरी भागीदारी मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी, स्वच्छ भारत सुंदर भारत, भारत माता की जय नारों के साथ स्वच्छता कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक अधिकारी दिनेश डे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 550 लड़के एवं लड़कियां मौजूद रहें।

## भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ के सभी सीटो पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की



**मुंगेली।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ के सभी सीटो पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर भाजपा ने साहू समाज पर अपना भरोसा कायम रखते हुए लोरमी से पूर्व विधायक एवं वर्तमान किसान मोर्चा में अहम भूमिका निभाने वाले तोखन साहू को अपना प्रत्याशी घोषित की या है। जिससे समाज के लोगो सहित अपने चहेते नेता के नाम पर मुहर लेगने से कार्यकर्ताओं भारी उत्साह नजर आ रहा है। अपने नाम की घोषणा होने के बाद तोखन साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझे बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से टिकट देकर जनता की सेवा कर पाने का अवसर दिया। बिलासपुर जिला मुंगेली जिला को अपना परिवार मानकर सेवा करने का मेरा दृढ़ निश्चय,और निष्ठा को कोई भी बदल नही सकता।

# कोंडागांव के साप्ताहिक बाजार में रैली निकालकर पाम्पेल्ट बांटकर ग्रामीणों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

मोदी की गारंटी (जुमला) के विरोध में युवा कॉंग्रेसियो के द्वारा पंचायत चलो, वार्ड चलो महा अभियान चलाया गया। युवा कांग्रेस के प्रभारी डॉ पलक वर्मा, प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा और जिला कोंडागांव प्रभारी सुरज कश्यप के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कपील कांत नाग व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रितेश गुप्ता के सयुक्त नेतृत्व में रविवार को युवा कोंग्रेसियों के द्वारा कोंडागांव के साप्ताहिक बाजार में प्रदर्शन किया गया। युवा कोंग्रेस के द्वारा बाजार में




रैली निकालकर बाजार में आये हुए ग्रामीणों को पाम्पेल्ट का वितरण कर मोदी के किये हुए वादों और गारंटी को जुमला बताकर जागरूक किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष प्रियांश चौहान, विधानसभा महासचिव कल्पेश दीवान, एनएसयूआई केशकाल विधानसभा अध्यक्ष निलेश नेगी, लखी राम, प्रवीण मिश्रा, किट्टू, राहुल, छोटू, आकाश, राजीव, राधे, प्रकाश, दीपक, मोनू, पिंटू व अन्य कार्यकर्ता उपस्तिथ रहें।

## यादव समाज के नगर की चुनावी बैठक हुई सम्पन्न



**कोंडागांव।** कोंडागांव नगर यादव समाज की चिकलपुट्टी स्थित नवीन यादव समाज भवन में संभाग संरक्षक प्रेमनाथ यादव व जिला उपाध्यक्ष सादु राम यादव के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से समाज के नियमावली पर चर्चा कर पालन करने को कहा गया। वही बैठक में नए नगर अध्यक्ष नरेश यादव को मनोनीत किया गया। यादव समाज के पूर्व नगर अध्यक्ष धनसिंग यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि, यादव समाज के नियमावली के अनुसार प्रत्येक 3 वर्ष में चुनाव किया जाना प्रस्तावित हैं।

### मुख्यमंत्री ने अंतर्राजजीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बैटिंग में अजमाया हाथ, लगाया करारा शॉट

# आयोजन के लिए यंग तिरंगा समिति को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये देने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल फ्लड लाईट टेनिस बॉल अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच समारोह में जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्टेडियम में पहुंचते ही आतिशबाजी की गई। इस दौरान भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मिलकर एवं परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। जशपुर के रणजीता स्टेडियम में देर रात के बावजूद खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का उत्साह देखेते ही बन रहा है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई की और दोनों टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही मुख्यमंत्री ने अंतर्राजजीय






क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बैटिंग में हाथ अजमाए और करारा शॉअ भी लगाए। उन्होंने ने स्टेडियम में बच्चों के संग क्रिकेट मैच का आनंद भी लिया। स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव को याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं के दिल का धड़कन बताया, उनके कार्य सभी युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे। खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल फल्ड लाईट टेनिस बॉल अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता बहुत बड़ा आयोजन है। यंग तिरंगा समिति जशपुर द्वारा लगातार 8 वें वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जो बधाई के पात्र है। मुझे लगता है हर बार मुझे बुलाया है इसके लिए मैं आभारी हूं।

इस दौरान उन्होंने आयोजन के लिए यंग तिरंगा समिति को प्रतिवर्ष 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन लिए नई उर्जा से कार्य कर रही है। कुछ दिनों पहले बड़े खिलाड़ी सौरभ गांगुली सहित अन्य खिलाड़ियों ने हमारे क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ की है। जो देश का तीसरे सबसे बड़े स्टेडियम है। आने वाले दिनों में हम निश्चित बड़े खेलों आयोजन करेंगे।

# मुख्यमंत्री साय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हुए शामिल



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विगत दिवस जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम तपकरा में राष्ट्रीय जागरण अभियान 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन 29 फरवरी से 3 मार्च तक गायत्री प्रज्ञापीठ तपकरा भंडारडीपा में अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां मां गायत्री की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव वालों के सहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पहुंचने पर ग्रामवासियों और आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रद्धालुओं को आप सबके बीच गायत्री महायज्ञ में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

# मुख्यमंत्री ने बच्चों को दवा पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने बच्चों को दवा पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में नन्हें बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान अपने निवास स्थान से बच्चे दिव्यांश यादव, डेविड साय एवं शीतल पैकरा को गोद में लेकर ड्रॉप पिलाया। मुख्यमंत्री साय ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाये ताकि कोई भी बच्चा छूटे न। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। 04 एवं 05 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जायेगा। स्वास्थ्य केन्द्र एवं आगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया जायेगा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है।

# युवा नशा से रहें दूर, अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में भरपूर उपयोग करें

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का जीवन को सफल बनाने वाले सकारात्मक कार्यों में उपयोग करें। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से हमें प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेलों से युवाओं का जुड़ाव यह बताता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है। यह बात प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर में देवपुरी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार और जीत का दौर चलता रहेगा, हमें कभी घबराना नही है। खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी गलतियों को सुधारना भी है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, धरसींवा पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, तिल्दा जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा, अन्य जन प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403